E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 20 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, सोमवार 03 अगस्त, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## टोंक में श्रद्धालुओं से भरी बस खड़े ट्रेलर से टकराई, 23 घायल, तीन जयपुर रेफर

टोंक। जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की प्राइवेट बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछ से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 23 लोग घायल हो गए।जिन्हें सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, तीन लोगों को छान अस्पताल लेकर गए थे, वहां से सआदत अस्पताल भेज दिया। वहां से जयपुर रेफर कर दिया गया। सभी घायल जैन समाज के एक ही परिवार और रिश्तेदार थे। सभी कोटा और आसपास क्षेत्र के रहने वाले थे। घटना रविवार को सुबह 10.30 बजे हुई। हादसा जयपुर कोटा नेशनल हाईवे-52 घाड़ थाना क्षेत्र के नया गांव में हुआ। घाड़ थाना प्रभारी हरि राम वर्मा ने बताया- रविवार सुबह कोटा से निजी बस में सवार मेहंदवास थाना क्षेत्र के मौजमाबाद जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान तीर्थ स्थल से करीब दस किमी पहले ही करीब साढ़े दस बजे इनकी बस नया गांव के पास रोड पर खड़े ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। बस में 20-25 यात्री सवार थे। घायलों में अधिकतर महिलाएं-पुरुष थे। एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए घायलों को अस्पताल लाया गया। वहीं, तीन लोगों को जयपुर रेफर कर दिया गया।घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया- सूचना मिलते जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। इसके बाद में मौजमाबाद के जैन समाज के लोग भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। इस दौरान बीजेपी नेता नरेश बंसल भी सआदत अस्पताल पहुंचकर घायलों के इलाज की व्यवस्था करवाने में मदद की। हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को उपचार के लिए सआदत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद निगरानी में रखा गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन श्रद्धालुओं को बेहतर इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया। अस्पताल प्रशासन ने सभी घायलों के उपचार के लिए आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं उपलब्ध कराईं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और ट्रेलर को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से बस की



टक्कर हुई, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की सूचना मिलते ही जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे और घायलों तथा उनके परिजनों की सहायता में जुट गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना तथा प्रशासन से बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग अपनी सीटों पर ही फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एंबुलेंस के पहुंचने से पहले कई घायलों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने दुर्घटना की जांच के आदेश देते हुए ट्रेलर के सड़क किनारे खड़े होने के कारणों की भी पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस यह भी जांच कर रही है कि ट्रेलर निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप खड़ा था या नहीं तथा दुर्घटना में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जैन समाज के प्रतिनिधियों ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## अखिलेश का भाजपा पर तीखा हमला, बोले- चार दिन का नहीं, चार दिन बची सरकार का सत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र से एक दिन पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर चौतरफा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि सरकार का कार्यकाल अब 'गिनती के दिनों' में है और यही वजह है कि विधानसभा सत्र भी केवल चार दिनों का रखा गया है। उन्होंने कहा कि सपा सदन में राम मंदिर चढ़ावा चोरी, सरकारी स्कूलों के विलय, छात्र आंदोलन, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और भ्रष्टाचार जैसे समसामयिक मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विधानसभा के छोटे सत्र के जरिए केवल औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पहला दिन श्रद्धांजलि, दूसरा दिन अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की जिम्मेदारी से बचने, तीसरा दिन प्रयागराज समेत प्रदेश में छात्रों के आंदोलनों से निपटने और चौथा दिन हालिया विवादों से बचते हुए सत्र समाप्त करने में बीत जाएगा। स्कूलों के विलय से 28 लाख विद्यार्थियों का नामांकन घटा है, 62 हजार से अधिक शिक्षकों की संख्या कम हुई है और 81 हजार से ज्यादा पद खाली हैं।

## संभाजीनगर में 5 अगस्त को कोर कमेटी की बड़ी बैठक, इन मुद्दों पर होगी गहन चर्चा



मुंबई। कॉकरोच जतना पार्टी (CJP) अब अपनी आगे की रणनीति बनाने में व्यस्त हो गई है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया जा रहा है, जब नीट पेपर लीक के खिलाफ चलाए गए सफल आंदोलन के बाद का है। पार्टी के बैनर तले छात्रों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर लंबे समय तक विरोध-प्रदर्शन किया था, जो एक महीने तक चला था। इसके बाद अब पार्टी के कोर सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक 5 अगस्त को प्रस्तावित है, जो महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में होने वाली है। जानकारी के मुताबिक, इस मीटिंग में संगठन के भविष्य के रोडमैप और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा होगी। इस बैठक पर सूत्रों का कहना है कि यह अहम मीटिंग सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके के घर पर बुलाई गई है, जहां पर संगठन के मुख्य रणनीतिकार, वरिष्ठ सदस्य और अहम चेहरे पहुंचेंगे। इसका मकसद देश के युवाओं और छात्रों से जुड़े नए मुद्दों को पहचानना और आगे के आंदोलन की दिशा तय करना हो सकता है। जंतर-मंतर पर लंबे समय तक चले प्रदर्शन के बाद संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं और वालंटियर्स को थोड़ा आराम दिया है। इस दौरान उन्होंने अपने-अपने घर पर परिवार के साथ कुछ वक्त बिताया है। इसके बाद पार्टी फिर से सक्रिय भूमिका में दिखाई दे रही है। इसके खत्म होने के तुरंत बाद सीजेपी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाएगी। इसमें पार्टी अपने भावी अभियानों और भावी रणनीति का आधिकारिक घोषणा करेगी।

## जैश के संदिग्ध आतंकी हमीम मंडल की पश्चिम बंगाल में सिलाई की दुकान मिली, पिता फरार



कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने रविवार को पूर्वी बर्धमान जिले के बर्धमान शहर की एक पॉश हाउसिंग कॉलोनी से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) सदस्य हमीम मंडल की एक सिलाई की दुकान का पता लगाया। सूत्रों ने बताया कि यह दुकान कोलकाता से सटे हावड़ा जिले के पिलखाना इलाके में है, जहां मुख्य रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के लोग रहते हैं। ऐसा लगता है कि यह दुकान मुख्य रूप से कपड़ों के टैग बनाने और सिलने जैसे छोटे-मोटे दर्जी के काम करती थी। सूत्रों के अनुसार जांच अधिकारियों को संदेह है कि यह दुकान हमीम मंडल के अपने सहयोगियों से संपर्क का एक अहम ठिकाना हो सकती थी और सिलाई का काम केवल सिर्फ दिखावे के लिए किया जा रहा था।

राज्य पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि पश्चिम बंगाल में शुरुआती दिनों में आरोपी मंडल पिलखाना में रहता था और शायद उसी दौरान उसने दर्जी की दुकान खोली थी। पुलिस ने बताया कि दुकान खोलने के बाद वह पहले कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में न्यू टाउन चला गया और बाद में बर्धमान शहर चला गया। पता चला है कि दुकान पिलखाना इलाके में आलम मिस्त्री लेन की एक संकरी गली में है। जांच अधिकारियों को पता चला है कि पश्चिम बंगाल में शुरुआती दिनों में मंडल वहां एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में किराए के एक कमरे वाले फ्लैट में रहता था।

इस बीच, आरोपी मंडल के पिता मोइनुद्दीन मंडल (जो पिलखाना में अपने बेटे के साथ रहता था) बेटे की गिरफ्तारी के बाद से फरार है। स्थानीय निवासियों ने मीडिया को बताया कि हमीम मंडल बहुत कम बोलने वाला व्यक्ति था, हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि उसका पिता कभी-कभी स्थानीय लोगों से बातचीत करता था।

## जयपुर बनेगा न्यायिक संवाद की वैश्विक राजधानी, 52 राष्ट्रमंडल देशों के साथ शुरू हुआ शांति मध्यस्थता सम्मेलन

जयपुर। जयपुर शुक्रवार से न्यायिक संवाद की वैश्विक राजधानी बनने जा रहा है। यहां 52 राष्ट्रमंडल देशों के प्रतिनिधि तीन दिवसीय 'कॉमनवेल्थ पीस मेडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ कॉन्फ्रेंस - सीपीएमसी 2026' में जुटे हैं। 31 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाले इस सम्मेलन के अंत में 'जयपुर शांति मध्यस्थता घोषणा 2026' को अपनाया जाएगा। यह एक ऐतिहासिक दस्तावेज होगा, जिसका उद्देश्य शांति आधारित न्याय और मध्यस्थता के लिए नया वैश्विक ढांचा तैयार करना है। इसमें राष्ट्रमंडल देशों के न्यायाधीश, अटॉर्नी जनरल, वरिष्ठ अधिवक्ता, मध्यस्थ, कानून विशेषज्ञ, शिक्षाविद और नीति निर्माता हिस्सा ले रहे हैं। चर्चा का केंद्र यह है कि मध्यस्थता और कानून के शासन के जरिए न्याय प्रणाली को कैसे तेज, सुलभ और अधिक मानवीय बनाया जाए। अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि यह पहली बार है जब भारत राष्ट्रमंडल की शांति मध्यस्थता पर वैश्विक बातचीत का नेतृत्व कर रहा है। इससे भारत न्यायिक कूटनीति और वैकल्पिक विवाद समाधान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में आया है। सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण 2 अगस्त को आएगा, जब विभिन्न राष्ट्रमंडल देशों के प्रतिनिधि 'जयपुर शांति मध्यस्थता घोषणा 2026' को औपचारिक रूप से अपनाएंगे। इस घोषणा का उद्देश्य शांति मध्यस्थता, संघर्ष समाधान, कानून के शासन और राष्ट्रमंडल देशों में त्वरित व प्रभावी न्याय तक पहुंच के लिए साझा सिद्धांत तय करना है। माना जा रहा है कि यह दस्तावेज भविष्य में अंतरराष्ट्रीय न्यायिक सहयोग और मध्यस्थता प्रयासों के लिए एक अहम संदर्भ बनेगा। सम्मेलन की खास बात यह है कि इसमें सिर्फ विवाद सुलझाने की बात नहीं होगी, बल्कि 'शांति मध्यस्थता' की अवधारणा पर वैश्विक संवाद होगा। इसका लक्ष्य सिर्फ मुकदमे खत्म करना नहीं, बल्कि पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही कड़वाहट, अविश्वास और संघर्ष को खत्म कर स्थायी शांति स्थापित करना है। विशेषज्ञों



का मानना है कि अगर इस मॉडल को न्याय प्रणाली में व्यापक रूप से अपनाया गया, तो अदालतों में वर्षों से लटके कई विवाद कम समय में सुलझ सकते हैं और न्याय प्रणाली अधिक मानवीय व प्रभावी बन सकती है। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार शाम 6 बजे जयपुर के द ललित होटल में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत करेंगे।

उद्घाटन सत्र में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी, कॉमनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्टीवन थिरू और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह सहित देश-विदेश के न्यायपालिका और कानूनी जगत के प्रमुख लोग शामिल होंगे। जयपुर को मेजबान शहर चुना जाना राजस्थान की मध्यस्थता के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

## भविष्य के युद्धों का नया पाठ्यक्रम, सशस्त्र बल करेंगे बदलती युद्ध चुनौतियों पर मंथन

नई दिल्ली। भविष्य के युद्धों से जुड़ा नया व आधुनिक पाठ्यक्रम भारत की सशस्त्र सेनाओं के समक्ष रखा जाएगा। सशस्त्र बलों की भविष्य की युद्ध तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह युद्ध पाठ्यक्रम 3 अगस्त से शुरू होगा। यह चौथा त्रि-सेवा भविष्य युद्ध पाठ्यक्रम है और यह नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में शुरू किया जा रहा है। चार सप्ताह तक चलने वाला यह पाठ्यक्रम मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जबकि इसका समन्वय संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र करेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस पाठ्यक्रम में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के अधिकारियों के अलावा विभिन्न सरकारी संगठनों, शिक्षण संस्थानों, उद्योग जगत और सामरिक चिंतन संस्थानों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। पाठ्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक युद्ध से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## मणिपुर- सुरक्षा बलों ने 9 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया, हथियार बरामद किए और छह आईईडी नष्ट किए

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अलग-अलग अभियानों में पिछले 24 घंटों के दौरान प्रतिबंधित विद्रोही संगठनों से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है और उनसे हथियार, गोला-बारूद व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। अधिकारियों ने रविवार को जानकारी साझा की। पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि मणिपुर पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के जॉइंट ऑपरेशन में थोउबल, तामेंगलोंग, काकचिंग, चंदेल, इम्फाल वेस्ट और इम्फाल ईस्ट जिलों से नौ उग्रवादियों को पकड़ा गया। पकड़े गए उग्रवादी प्रतिबंधित संगठनों में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और उसके पॉलिटिकल विंग रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ) नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग और पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक से जुड़े हैं।

## नशा एक मां की मुस्कान, पिता के सपनों और बहन की राखी को कमजोर करता है- पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ यह अभियान 100 सप्ताह तक चलेगा। अपने संबोधन में पीएम ने इस अभियान में हर नागरिक, खासकर युवाओं से शामिल होने की अपील की। पीएम मोदी अपने संबोधन के दौरान बेहद भावुक नजर आए और किसी युवा के नशे में डूबने की वजह से उसके परिवार पर क्या असर पड़ता है, इसका बखूबी चित्रण किया। पीएम के इस भावनात्मक संबोधन की एक छोटी सी वीडियो क्लीप केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया है। मांडविया द्वारा साझा वीडियो में पीएम कहते हैं, 'नशा केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता। नशा एक मां की मुस्कान छीन लेता है। नशा एक पिता के सपनों को चूर-चूर कर देता है। एक बहन की राखी की उम्मीद को कमजोर कर देता है। एक छोटे भाई का आदर्श छीन लेता है। घर के बुजुर्ग हर दिन इस दर्द को जीते हैं, जिनका अपना बच्चा धीरे-धीरे कहीं खो रहा है, खुद को गला रहा है। हम आंखों के सामने उसे बर्बाद होते हुए देखते हैं। जब परिवार या समाज में ऐसा होता है, तो कहीं न कहीं राष्ट्र की शक्ति भी कमजोर पड़ जाती है।' इसके अलावा पीएम ने अपने संबोधन में कहा, 'हम सभी जिस अभियान के साक्षी बन रहे हैं, वह व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए है।

विकसित भारत संकल्प अभियान के लिए नशामुक्त युवा, इस मूवमेंट का नाम ही इसके संकल्प को स्पष्ट करता है।' उन्होंने कहा, 'देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए यह आवश्यक है कि देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो, आत्मविश्वास से भरपूर हो और ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा-हमेशा दूर ही रहे। यही इस अभियान का उद्देश्य है। इसलिए हम सबको संकल्प लेना है कि हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरे को समझें, हर तरह से जागरूक रहें और उससे दूर रहें।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। उनके अनुसार, विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगा।

## पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा, चाकू लेकर घुसने का आरोप; पुलिस ने शुरू की जांच



नई दिल्ली। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव की दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब एक युवक के कार्यक्रम स्थल में घुसने और कथित तौर पर चाकू निकालने का आरोप लगा। पप्पू यादव और उनके समर्थकों ने दावा किया कि युवक उनकी हत्या की साजिश के तहत आया था। घटना के बाद मौके पर मौजूद समर्थकों ने युवक को पकड़ लिया, जबकि सूचना मिलने पर तिलक मार्ग थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक युवक चाकू लेकर उनके घर में घुसा, लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखते रहेंगे।

यह प्रेस कॉन्फ्रेंस हाल ही में संसद परिसर में राम मंदिर चंदा चोरी के आरोप को लेकर साधु वेश में किए गए उनके विरोध प्रदर्शन और उसके बाद दर्ज हुई एफआईआर के संबंध में बुलाई गई थी।

सांसद अपनी आगामी संसदीय रणनीति और हालिया घटनाक्रम पर मीडिया को जानकारी दे रहे थे।

## संपादकीय

## आईएफएमएस 3.0 आईडी अनुमोदन प्रक्रिया को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने नव नियुक्त एवं चयनित कार्मिकों की आईएफएमएस 3.0 आईडी अनुमोदन प्रक्रिया को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि नव नियुक्त कर्मचारियों का वेतन आहरण करने से पहले उनकी आईएफएमएस 3.0 आईडी अनिवार्य रूप से अनुमोदित कराई जाए।

निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि अब एच ओ डी स्तर पर आईडी अनुमोदन का कार्य वित्तीय सलाहकार डॉ. ज्योति बाला व्यास की आईडी के माध्यम से किया जाएगा।

## महवा में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का हाइकिंग शिविर, 101 पौधे लगाने का लिया संकल्प



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

महवा। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य के जिला ऑर्गेनाइजर सोनू शर्मा के निर्देशन में महवा ब्लॉक मुख्यालय पर रविवार को एक दिवसीय हाइकिंग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में रोवर-रेंजरों को खोज के चिन्हों (ट्रेल साइन) के माध्यम से हाइकिंग कराकर दिशा ज्ञान, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक सचिव अवधेश कुमार एवं मुख्य अतिथि कालूराम मीणा द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 101 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर लोकेश योगी ने स्काउट-गाइड गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में ब्लॉक लीडर मनीष सैनी, रेंजर लीडर सुश्री संजना सैनी एवं खुशबू सैनी, ब्लॉक लीडर मंडावर अजय मीणा, रोवर लीडर निरंजन मीणा, रोवर रवि सैनी, प्रवीण कुमार सैनी, अनुज शर्मा, खेमराज मीणा, कृष्णकांत मीणा, आनंद सिंह तथा रेंजर वर्षा सैनी, दिव्यांशी सुलानिया, भारती, मधु सहित बड़ी संख्या में रोवर-रेंजर उपस्थित रहे।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने नारी शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, उदयपुर में गूंजा महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण का संदेश

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' के अंतर्गत रविवार को उदयपुर में नारी शक्ति के अभूतपूर्व उत्साह का नजारा देखने को मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर स्थित राजस्थान कृषि महाविद्यालय (RCA) परिसर से 'नारी शक्ति रैली' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भव्य रैली आरसीए (RCA) परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों—सूरजपोल, बापू बाजार और देहली गेट से होते हुए टाउन हॉल पहुंचकर संपन्न हुई। नारी सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण का संदेश देती इस रैली में समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं और पुलिस बल ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे:

कालिका पेट्रोलिंग यूनिटः महिला सुरक्षा के लिए तैनात विशेष कालिका टीम के दस्ते।

अश्वारोही पुलिस बल एवं महिला कांस्टेबलः अनुशासन और सुरक्षा का सशक्त संदेश देते पुलिस बल के जवान। सशक्तीकरण झांकियांः महिला सशक्तीकरण से जुड़ी विभिन्न प्रेरक और ज्ञानवर्धक झांकियां।

छात्राएं व स्वयंसेविकाएंः महिला खिलाड़ी, स्काउट गाइड्स तथा एनएसएस (NSS) की स्वयंसेविकाओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं की उत्साही भागीदारी। रैली के माध्यम से आमजन को महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और समाज में उनके सम्मान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। पूरे मार्ग में शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर और तालियों की गड़गड़ाहट से रैली में शामिल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना केवल सरकार और पुलिस की ही जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज ही सशक्त और विकसित राजस्थान की नींव रख सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ आमजन को भी उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने युवाओं से महिलाओं के सम्मान और समानता की भावना को अपने



व्यवहार का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। रैली के दौरान महिला सुरक्षा से जुड़े संदेशों वाले बैनर, पोस्टर और जागरूकता नारों के माध्यम से बालिका शिक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, आत्मरक्षा तथा लैंगिक समानता जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन और उपलब्ध सुरक्षा सेवाओं का निर्भीक होकर उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकारों के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा महिला सुरक्षा को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया। रैली के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों, स्वयंसेविकाओं एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता, संवेदनशीलता और त्वरित पुलिस कार्रवाई तीनों का समान रूप से महत्वपूर्ण योगदान है। इन गतिविधियों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक बनाना है।

## राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ ने दी सरकार को आंदोलन की चेतावनी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ की प्रदेश स्तर की बैठक शनिवार को जयपुर कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सहित राजस्व मण्डल अजमेर, भू-प्रबन्ध विभाग, प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्त कार्यालय, उपनिवेशन विभाग बीकानेर एवं प्रदेश के सभी जिलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदेशध्यक्ष सुधीर यादव ने लंबे समय से लंबित मांगों के संबंध में नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र आंदोलन का रास्ता अपनाने की घोषणा की हैं। महासंघ के महासचिव सुरेश तोबड़िया ने विस्तार से लंबित मांगों को सरकार से शीघ्र पूर्ण करने की मांग की गई हैं। रामेश्वर प्रसाद चौधरी जिलाध्यक्ष टोंक ने बताया कि सरकार के द्वारा संगठन की जायज व लम्बे समय से चली आ रहीं लम्बित मांगे पूरी नहीं करने पर संगठन द्वारा मजबूरन आगामी रणनीति के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी। सम्पूर्ण प्रदेश से बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने लम्बित मांगों पर कोई उचित कार्यवाही सरकार द्वारा नहीं करने के कारण आगामी आंदोलन का समर्थन किया। राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ द्वारा शीघ्र ही आंदोलन का चरणबद्ध कार्यक्रम जारी किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान के लिए कई बार सरकार के समक्ष ज्ञापन और वार्ता के माध्यम से आग्रह किया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सकारात्मक पहल नहीं की गई तो कर्मचारियों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष सुधीर यादव ने कहा कि संगठन कर्मचारियों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा शीघ्र घोषित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी एकजुट होकर भाग लेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर करोड़ों की हेरोइन और हथियार पकड़े

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र खाजूवाला में पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की हेरोइन और हथियारों का जखीरा जब्त कर सरहद पार से होने वाली तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। पुलिस के 'ऑपरेशन शॉक वेव' के तहत की गई इस कार्रवाई को स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी सफलता माना जा रहा है। कार्रवाई खाजूवाला थाना क्षेत्र के 8 केवाईडी के पास की गई। मौके पर बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश और जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा स्वयं पहुंचे तथा पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग की। पुलिस ने एक आरोपी वीरेंद्र सिंह को डिटेन किया है तथा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में करीब 10 किलो हेरोइन बरामद की गई है। इसके अलावा 11 हथियार, 22 मैगजीन तथा 100 कारतूस भी जब्त किए गए हैं। बरामद माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।

## लायंस क्लब केसरी का शपथ ग्रहण संकल्प 2026 संपन्न अरविंद बने अध्यक्ष




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बहरोड़। शनिवार देर रात को शहर के एक निजी रिसोर्ट में लायंस क्लब बहरोड केसरी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संकल्प 2026 बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। लायंस केसरी के नॉमिनेशन कमेटी चेयरमैन लायन महेंद्र शर्मा ने बताया कि यह हमारे केसरी क्लब का द्वितीय स्थापना समारोह है जिसमें नई पी एस टी को पदस्थापना तथा नए सदस्यों को जोड़ने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नई पी एस टी में लायनअरविंद यादव को अध्यक्ष पवन शर्मा को सचिव तथा विजय गोयल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है हमारे क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष लायन ललित शर्मा को रीजन चेयर पर्सन बनने पर हमारे क्लब द्वारा स्वागत कार्यक्रम रखा गया है।यह हमारे क्लब के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि एक साल संपन्न होते ही हमारे क्लब से प्रांतपाल द्वारा रीजन चेयर पर्सन बनाया गया है हम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का आभार व्यक्त करते हैं। इस कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सेवा गतिविधि से किया गया जिसमें पांच राशन किट जरूरतमंदों को दिए गए तथा साथ कुर्सियां चिकित्सालय को भेंट की गई। निवर्तमान अध्यक्ष लायन ललित शर्मा ने अपने उद्बोधन में पिछले साल किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया तथा आगे भी नई पी एस टी को मार्गदर्शन देने का जिम्मा उठाया उन्होंने बताया कि यह हमारे क्लब का प्रथम वर्ष था लेकिन हमारे क्लब ने पूरे प्रांत में अधिक से अधिक गतिविधियां करके बहरोड़ का नाम रोशन किया है हम सभी साथी साथ मिलकर आगे और भी एक से एक गतिविधियां करेंगे। 2025-26 कार्यकाल के सचिन कर्मवीर यादव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा क्लब के कार्यों का लेखा-जोखा सदन को बताया सदन ने जोरदार तालिया से उन गतिविधियों का सम्मान किया एन वर्तमान कोषाध्यक्ष एवं आगामी उपाध्यक्ष लायन डॉ सौरभ गौड़ ने बताया कि यह वर्ष हमारे लिए चुनौती पूर्ण था लेकिन फिर भी वरिष्ठ साथियों के मार्गदर्शन में हमने बहुत शानदार कार्य करने की कोशिश की है। सभी मीडिया बंधुओं का लायंस क्लब बहरोड केसरी ने बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

## RPS से IPS में पदोन्नत हुए 6 अधिकारियों को मिली पहली पोस्टिंग

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान सरकार के कार्मिक (क-1) विभाग ने हाल ही में राजस्थान पुलिस सेवा (RPS) से भारतीय पुलिस सेवा (IPS) में पदोन्नत हुए 6 अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए उनकी पहली पदस्थापना (Posting) के आदेश जारी कर दिए हैं।

शनिवार को कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह द्वारा राज्यपाल की आज्ञा से जारी इस आदेश के तहत सभी पदस्थापन राज्यहित में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

राजेन्द्र सिंह सिसौदियाः पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), राजस्थान, जयपुर

नरपत सिंहः पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (एसएसबी), जोधपुर

राम स्वरूप शर्माः उप निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA), जयपुर

राजेन्द्र प्रसाद खोथः पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (सीबी), राजस्थान, जयपुर

## जालौर गेट पर सुलभ शौचालय की जर्जर दीवार दे रही बड़े हादसे को न्योता, बेपरवाह निगम प्रशासन के खिलाफ लोगों में रोष

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जोधपुर के भीतरी शहर में स्थित व्यस्ततम जालौर गेट क्षेत्र से एक गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। यहाँ बालवाड़ी स्कूल के ठीक सामने और नाले के पास स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालय की एक दीवार नीचे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त और जर्जर हो चुकी है। दीवार की बेस संरचना कमजोर हो जाने के कारण यह कभी भी ढह सकती है। घनी आबादी और लगातार ट्रैफिक वाले इस क्षेत्र में जर्जर दीवार के अचानक गिरने से किसी बड़ी जनहानि या दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जालौर गेट क्षेत्र जोधपुर के सबसे व्यस्त व्यापारिक और आवासीय इलाकों में से एक माना जाता है। जिस स्थान पर यह सुलभ शौचालय बना हुआ है, उसके ठीक सामने बालवाड़ी स्कूल संचालित होता है। इसके अलावा नाले के



समीप स्थित होने के कारण यहाँ से दिन-रात सैकड़ों राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और स्थानीय दुकानदारों का गुजरना लगा रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शौचालय की दीवार नीचे से पूरी तरह गल चुकी है और ईंटें-पत्थर खिसकने लगे हैं। वर्तमान में दीवार बिना किसी मजबूत सहारे के खड़ी है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी भी दिन कोई मासूम बच्चा या राहगीर इसकी चपेट में आ सकता है। शहर में साफ-सफाई और बुनियादी सार्वजनिक संरचनाओं के रखरखाव का जिम्मा संभालने वाला नगर निगम प्रशासन इस संभावित खतरे से बेखबर नज़र आ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सार्वजनिक संपत्तियों के नियमित निरीक्षण की कमी के कारण ही आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है। मानसून या तेज़ हवाओं के थपेड़ों से यह जर्जर ढांचा पलभर में गिर सकता है, लेकिन निगम अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। जब तक मरम्मत का काम शुरू नहीं होता, तब तक जर्जर दीवार के आसपास चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा बैरिकेड्स लगाए जाएं।

## राजकीय आवास लेने के बाद भी हाउस रेंट लेने वालों पर सख्ती, ब्याज सहित होगी वसूली

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। राज्य सरकार ने राजकीय आवास आवंटित होने के बाद भी मकान किराया भत्ता (एचआरए) प्राप्त करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य कर्मचारियों के लिए मकान किराया भत्ता नियम, 1989 के नियम 3 के अनुसार राजकीय आवास आवंटित होने की स्थिति में मकान किराया भत्ता देय नहीं होता। वित्त विभाग को यह जानकारी मिली है कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी राजकीय आवास आवंटित होने के बाद भी एचआरए प्राप्त कर रहे हैं या कर चुके हैं। विभाग ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को ऐसे मामलों की जांच कर संबंधित कर्मचारियों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं। शासन सचिव वित्त (बजट) डॉ. पृथ्वी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम भाग-1 के नियम 124 में अधिक भुगतान की वसूली का प्रावधान है। हालांकि नियम में ब्याज का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, फिर भी राजकीय आवास आवंटन के बाद एचआरए का आहरण आचरण नियमों के अनुरूप नहीं माना गया है। आदेश के अनुसार ऐसे मामलों में आहरित एचआरए की एकमुश्त वसूली की जाएगी। साथ ही संबंधित राशि पर सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) पर प्रभावी ब्याज दर के अनुरूप ब्याज भी वसूला जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्यालयाध्यक्ष स्तर पर जांच पूरी कर वसूली सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि कुछ कार्यालयों द्वारा एचआरए की वसूली के साथ ब्याज वसूली को माफ करने के प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजे जा रहे थे। नए निर्देशों के बाद ऐसे मामलों में ब्याज माफी की संभावना लगभग समाप्त मानी जा रही है। वित्त विभाग के इस आदेश से राज्यभर के विभागों में एचआरए प्रकरणों की समीक्षा शुरू होने की संभावना है और राजकीय आवास लेने के बाद भत्ता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों से बड़ी राशि की वसूली हो सकती है। सरकार का उद्देश्य वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और सरकारी संसाधनों का पारदर्शी एवं नियमसम्मत उपयोग सुनिश्चित करना है।

## राज्यपाल ने कहा नशामुक्त राजस्थान के लिए जन सहभागिता बढ़ाएं

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को 'विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत 'नशा मुक्त युवा' की शपथ दिलाई। स्थानीय सुबोध कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक करोड़ युवाओं के लिए इस सम्बन्ध में संदेश का भी लाइव प्रसारण हुआ।राज्यपाल बागडे ने इस दौरान कहा कि नशा जीवन का नाश करता है, इस की मुक्ति के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए मादक पदार्थों से दूर रहने, इनकी बिक्री और आपूर्ति करने वालों को पकड़वाने में सहयोग का भी आह्वान किया।राज्यपाल ने ड्रोन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों से नशीले पदार्थ भेजे जाने को रोकने के लिए भी कड़ी कार्यवाही करने और इसमें जन सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने 'नशामुक्त राजस्थान' के लिए माह का निर्धारण कर अभियान चलाने का भी आह्वान किया।

इससे पहले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने नशामुक्त अभियान के लिए प्रतिबद्ध होकर सभी के सहयोग से इसे सफल किए जाने का आह्वान किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक जीवनशैली अपनाने, खेल, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि जागरूक युवा ही विकसित भारत के मजबूत आधार बन सकते हैं।



उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए।

इसके लिए शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि राजस्थान को नशामुक्त बनाने के संकल्प को सफल बनाया जा सके।

# राजस्थान/ प्रादेशिक

# Neo-Beads Abacus की 'NUMIQRON 2026' रीजनल अबेकस चैंपियनशिप का सफल आयोजन










**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। बच्चों की मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता, स्मरण शक्ति, तार्किक सोच और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से Neo-Beads Abacus द्वारा आयोजित 'NUMIQRON 2026 – Regional Abacus Championship' का रविवार को जयपुर के दुर्गापुरा स्थित जी.पी. बिड़ला ऑडिटोरियम में भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राजस्थान सहित विभिन्न शहरों से आए 5 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 600 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न आयु एवं कौशल श्रेणियों में मानसिक गणना, तीव्र गणना तथा अबेकस कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास, एकाग्रता और सटीकता सभी के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम की शुरुआत उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में बच्चों ने निर्धारित समय के भीतर जटिल गणनाओं को हल करते हुए अपनी स्मरण शक्ति, गणितीय दक्षता और मानसिक क्षमता का परिचय दिया। सभागार में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। नन्हे प्रतिभागियों ने आकर्षक नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इन प्रस्तुतियों ने मनोरंजन के साथ-साथ समाज को शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक संदेश भी दिए, जिसकी उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक ट्रॉफी एवं विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को उनके प्रयास और सहभागिता के सम्मान स्वरूप मेडल, सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस तथा प्रोत्साहन सामग्री प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। NUMIQRON 2026 – Regional Abacus Championship में विभिन्न आयु एवं कौशल वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निम्नलिखित प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों ने अपनी असाधारण मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता, गति और सटीकता का शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया।

मीडिया संपर्क
Neo-Beads Abacus
+919602811500 | +918114466417

## MPUAT में भाजपा की संगठनात्मक बैठक : डबल इंजन' सरकार में जल

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। उदयपुर स्थित महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MPUAT) के सभागार में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शहर एवं देहात जिला की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संगठन को मजबूत करने तथा आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार की सभी योजनाएं 'सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी' हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य आम जनता की बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं का स्थाई निवारण करना है। युवाओं के भविष्य पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार राज्य सरकार ने पूरी पारदर्शी, समयबद्ध और चरणबद्ध प्रक्रिया के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, साक्षात्कारों और नियुक्तियों को पूरा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन सरकार' के कारण आज जल, थल और नभ—हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। संवाद प्रभारी राजेंद्र राठौड़ एवं नारायण पंचरिया ने आगामी चुनावों को लेकर संगठन की तैयारियों की रूपरेखा सामने रखी। पारदर्शी चयन प्रक्रियाः राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि आगामी स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में पूरी तरह पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बैठक का कुशल संचालन शहर जिला महामंत्री पारस सिंघवी ने किया तथा आभार प्रदर्शन देवीलाल सालवी ने किया।

## 200 साल की हिन्दी पत्रकारिता पर पुस्तक का लोकार्पण

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) द्वारा हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष पुस्तक का प्रकाशन किया गया। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (JNU) के मीडिया स्कूल के सहयोग से प्रकाशित इस पुस्तक का लोकार्पण शनिवार को जेएलएन मार्ग स्थित मोटूराम प्रसादम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बदलते दौर में पत्रकारिता की चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पीआईबी के एडिशनल डायटेक्टर डॉ धर्मेश भारती ने कहा कि पत्रकारिता में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। इस बदलते दौर में भारत सरकार भी मीडिया एवं पत्रकारों के लिए कई योजनाएं लाई है। वेलफेयर फंड में प्रभावित पत्रकारों को आर्थिक मदद की जा रही है। डॉ. धर्मेश भारती ने पीआईबी और डिजिटल युग के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि यह पुस्तिका पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए चेतना का कार्य करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेएनयू के वाइस चांसलर प्रो. वी सी प्रोफेसर एच एन वर्मा ने कहा कि पुस्तक मीडिया के छात्रों ओर नई पीढ़ी को मार्गदर्शन करेगी।

## जोधपुरः सूरसागर क्षेत्र में देर रात विवाद, एक व्यक्ति की मौत; पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। जोधपुर के सूरसागर थाना क्षेत्र स्थित महाराणा प्रताप लोहार कॉलोनी में देर रात आपसी रंजिश के चलते गंभीर विवाद का मामला सामने आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार-पांच लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की, जिसके दौरान धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात सामने आई। घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही सूरसागर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनके आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान और जांच में जुटी हुई है।

## उदयपुर के बीड़ा गांव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मॉर्निंग वॉक, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो दिवसीय उदयपुर दौरे का आज दूसरा दिन है। बड़ी सौगातों और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से पहले मुख्यमंत्री ने झाड़ोल के बीड़ा गांव में सुबह ग्रामीणों के बीच पहुंचकर मॉर्निंग वॉक की। इस दौरान उनका सादगी भरा अंदाज देखने को मिला, जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने।

बीड़ा गांव में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गांव की गलियों में भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और खुले मन से बातचीत की।

मुख्यमंत्री का सहज और सादगी भरा अंदाज ग्रामीणों को खूब पसंद आया। बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे और अपनी बात सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखी।

मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्य मंत्री हेमंत मीणा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुख्यमंत्री ने गांव की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। बता दे कि आज मुख्यमंत्री उदयपुर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे और विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी देंगे।



ऐसे में उनके दौरे के दूसरे दिन की शुरुआत गांव के बीच आमजन से सीधे संवाद के साथ हुई, जिसे राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रात में बीड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम विकास चौपाल के उपरांत ग्रामीणजनों के साथ पारंपरिक भोजन किया।

## गोवा के पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री नीलकंठ आर. हलर्नकर ने बाबा श्याम के किए दर्शन, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

खाटूश्यामजी।(विनोद धायल)गोवा सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री नीलकंठ आर. हलर्नकर ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध आस्था धाम खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना की और श्रद्धापूर्वक शीश नवाया। उन्होंने बाबा श्याम से प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की मंगलकामना की। मंदिर पहुंचने पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने मंत्री नीलकंठ आर. हलर्नकर का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्वागत-सत्कार कर अभिनंदन किया। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी मौजूदगी रही और मंत्री के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन एवं पुलिस की ओर से भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। इस दौरान तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार कुमावत, थानाधिकारी इन्द्राज मरोड़िया, पटवारी रोहिताश सैपट सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंत्री की अगवानी कर दर्शन व्यवस्था को सुचारु रूप से संपन्न कराया। खाटूधाम में दर्शन के बाद मंत्री ने मंदिर की आध्यात्मिक एवं धार्मिक परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि बाबा श्याम के दरबार में आकर उन्हें आत्मिक शांति का अनुभव हुआ। उन्होंने बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि खाटूश्यामजी धाम देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे धार्मिक स्थलों का विकास न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाता है।







## बाबा बिसाह देव मंदिर परिसर में बाबा बिसाह देव उद्यान किया स्थापित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बहरोड़ रविवार को स्काउट खैरथल इकाई प्रभारी राजबाला यादव उप प्रधानाचार्य के आर्थिक सहयोग से व ग्राम के युवाओं के परिश्रम से ग्राम बिजोरावास स्थित बाबा बिसाह मंदिर परिसर में एक सुन्दर बगीचा लगाया गया। जिसमें युवाओं ने चारों ओर जाल लगाकर व खाई खोद कर पहले ही तैयार कर लिया था।

इस तैयार परिसर में आज 57 पौधे विभिन्न छायादार प्रजातियों के लगाए गए। जिनमें बड़,पीपल,गूलर, अर्जुन, नीम, पिलखन जैसे बड़े पेड़ थे, जिन्हें प्राइवेट नर्सरी से खरीदा गया था। गांव के सभी युवा, बुजुर्ग व बच्चों ने इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया व पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। बिजोरावास गांव की युवा टीम गत कई वर्षों से इस दिशा में सक्रियता के साथ काम कर रही है जिसका अन्य गांव भी अनुसरण कर रहे हैं।

## कोटड़ी धायलान ग्राम पंचायत में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, नीट चयनित सहित मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सीकर। ग्राम पंचायत कोटड़ी धायलान में रविवार को ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती मीरा देवी के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नीट (NEET) में चयनित विद्यार्थियों, एफएमजी (FMG) परीक्षा उत्तीर्ण प्रतिभाओं, विभिन्न राजकीय सेवाओं में चयनित युवाओं तथा कक्षा 10वीं एवं 12वीं में ग्राम पंचायत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमएस हॉस्पिटल, जयपुर में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जी.एल. धायल ने की, जबकि मंच संचालन सरदार सिंह धायल ने किया। समारोह में प्रतिभाओं का माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सभी सम्मानित प्रतिभाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां पूरे गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की ओर से बताया गया कि शिक्षा और प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं, ताकि युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे और गांव में शिक्षा का सकारात्मक माहौल बने। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पोखरमल धायल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य फूलचंद बाजिया, पृथ्वी सिंह धायल, बहादुर सिंह, सागर धायल, तेजपाल धायल, धनाराम धायल, कैलाश मुवाल, बनवारीलाल धायल, रामेश्वर धायल, मोहनलाल धायल, महेंद्र जांगिड़, गणेश धायल, रक्षपाल धायल, विक्रम धायल, सुभाष धायल, सीताराम मीणा, गोपाल प्रसाद मीणा, नारायण धायल, रक्षपाल बाजिया, कमल टेलर, जगदीश धायल, हरि सिंह धायल, झाबर सिंह धायल, मुकेश मीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशासक प्रतिनिधि ने बताया कि ग्राम पंचायत भविष्य में भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजित करती रहेगी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## केंद्रीय विधि मंत्री ने बीकानेर में 163 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ को विकास की नई सौगात देते हुए केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को करीब 163 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं से श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क, विद्युत, स्वास्थ्य तथा पेयजल से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।कार्यक्रम के दौरान श्रीडूंगरगढ़–बिदासर राज्य राजमार्ग (एसएच-93) पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नए ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस), पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि सहित विद्युत संबंधी परियोजनाओं तथा अन्य जनहित के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में सोनियासर शिवदान, डेलवा, धोलिया एवं लाधड़िया में नव स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया गया। वहीं डेलवा में नए ट्यूबवेल का लोकार्पण भी हुआ, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को पेयजल उपलब्धता में राहत मिलेगी।ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उपनी, बेनीसर, डेलवा, गुसाईसर बड़ा एवं पुनरासर सहित विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। साथ ही पुनरासर–राजपुरा–सेरूणा–सांवतसर–राजेडू दोहरी लेन सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया, जिसे क्षेत्र की महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं में शामिल माना जा रहा है।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है, जिससे ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी, आवागमन सुगम बनेगा तथा आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।इस अवसर पर राजस्थान राज्य कौशल विकास बोर्ड के चेयरमैन श्री रामगोपाल सूथार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है।

## आऊ में दर्दनाक हादसा: 11 केवी लाइन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत!

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

फलोदी। जिले के आऊ कस्बे में रविवार को एक दर्द!नाक हादसे में ट्रक से सामान उतार रहे 26 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं मुआवजा देने की मांग की है। जानकारी के अनुसार आऊ निवासी चेतन पुत्र भैराराम भील (26) ट्रक से सामान उतारने का कार्य कर रहा था। जिस स्थान पर वह काम कर रहा था, उसके ठीक ऊपर से 11 केवी विद्युत लाइन गुजर रही थी। सामान उतारने के दौरान वह अचानक विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल चेतन को आऊ उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आऊ पुलिस चौकी प्रभारी मगाराम पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।



# मनोरंजन समाचार

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी में शंकर महादेवन भी देंगे प्रस्तुति



मशहूर संगीतकार और गायक शंकर महादेवन कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी में इंडिया के हैंडओवर सेगनेंट में परफॉर्म करेंगे। यह कार्यक्रम 2 अगस्त को ग्लासगो के ओवो हाइड्रो में होगा। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान, भारत ऑफिशियवी कॉमनवेल्थ गेम्स के सौवें एडिशन 2030 की होस्टिंग की जिम्मेदारी संभालेगा, जिसके अहमदाबाद में होने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी में इंडिया के हैंडओवर सेगनेंट में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर गायक और संगीतकार शंकर महादेवन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए इसे जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि जब इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश को रिप्रेजेंट करने का मौका मिलता है, तो उन्हें एक जिम्मेदारी का एहसास होता है। उन्होंने कहा, "कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे इवेंट्स बेहतरीन होने, एकता और इंसानी जज्बे का जश्न होते हैं और म्यूजिक में इसे खूबसूरती से पूरा करने की ताकत होती है। हमने अपनी परफॉर्मेंस को इस सोच के साथ तैयार किया है कि इसमें भारत की अलग -अलग भावनाएं, परंपराएं और म्यूजिक की विविधता दिखाई दे। भारत को खास बनाती है, वे सारी चीजें इसमें मौजूद हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि लोग सिर्फ हमारे म्यूजिक का मजा ही न लें, बल्कि इसके जरिए हमारे देश की गर्मजोशी, विविधता और असली रूह को भी महसूस करें।

## असम बाढ़ पीड़ितों के बीच रणदीप हुड्डा, रेलवे स्टेशन पर बांटा खाना और राहत सामग्री




असम में आई भीषण बाढ़ में अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और कई लोग बेघर हो चुके हैं। बाढ़ के चलते कई लोगों को मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा है। कई जगह हालात बेकाबू हो चुके हैं और लोगों को लगातार रेस्क्यू किया जा रहा है। असम डिजास्टर मैनेजमेंट अर्थॉरिटी (ASDMA) द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इस साल असम में आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या 82 पहुंच गई है। बाढ़ के चलते जगह-जगह पर राहत कैंप चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे 54 रिलीफ कैंपमें अब तक 12,994 बेघर लोगों को आश्रय दिया गया है। इस बीच बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा भी असम बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए असम पहुंचे हैं। रणदीप हुड्डा हाल ही में असम पहुंचे, जहां उन्होंने एक एनजीओ द्वारा आयोजित बाढ़ राहत वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान रणदीप हुड्डा ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को खाना और जरूरी सामग्री बांटी। सोशल मीडिया पर अभिनेता का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह बाढ़ प्रभावितों की मदद करते देखे जा सकते हैं। उन्होंने, शनिवार को शिवसागर रेलवे स्टेशन में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और हर संभव मदद की। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को खाने के अलावा कुछ जरूरी सामग्री भी दी और असम में बाढ़ का सामना कर रहे लोगों के लिए गुरुद्वारा साहिब में भी माथा टेका। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए रणदीप हुड्डा ने कहा, 'यह शिवसागर रेलवे स्टेशन है और आस-पास के इलाकों से कई प्रभावित परिवार यहां पर आश्रय लेने आए हैं। इसलिए हम प्रभालित लोगों के लिए खाना बनाते हैं और उन तक इसे पहुंचाते हैं। पिछले सात दिनों से हम हर दिन ऐसा कर रहे हैं, आखिरकार इंसानियत सबसे ऊपर है। मैं कई सालों से 'ग्लोबल सिख' की टीम के साथ काम कर रहा हूं और वे जो जमीनी स्तर पर काम करते हैं, वह कमाल का है। मैं सभी से बस यही गुजारिश करूंगा कि वे लोगों की मदद के लिए जिस भी तरह से हो सके, योगदान दें। न सिर्फ़ यहां, बल्कि जहां भी कोई समस्या हो। इंसान होने के नाते, दूसरे इंसानों की मदद करना हमारा फर्ज है।'

## 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे सनी देओल और बेटे करण देओल, फिल्म को लेकर कही खास बात



बॉलीवुड के दमदार अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बंटवारा 1947' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। फिल्म देश के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। सनी देओल अपने बेटे करण देओल के साथ फिल्म के प्रमोशन में जुटे हुए है। फिल्म प्रमोशन की शुरुआत दोनों ने बिहार की राजधानी पटना से की। रविवार को सनी देओल और करण देओल पटना पहुंचे। दोनों को पटना एयरपोर्ट पर कैजुअल लुक में देखा गया। जैसे ही पिता-पुत्र की यह जोड़ी एयरपोर्ट से बाहर निकली, मीडिया और फैंस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। दोनों ने मुस्कुराते हुए लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान सनी देओल ने मीडिया से बातचीत भी की।

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में करण औजला ने कपल पर लुटाया प्यार, गिफ्ट की मालदीव ट्रिप, बोले- 'तुम खुश हो न'

'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के हालिया एपिसोड में कॉमेडियन समय रैना, तन्मय भट, गुरलीन पन्नू और राहुल दुआ के साथ जज पैनल में सिंगर करण औजला भी शामिल हुए। वैसे तो यह शो समय के मजेदार वन-लाइनर्स और पैनलिस्ट्स के एक-दूसरे पर मजाकिया तंज कसने के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार एक दिल छू लेने वाले पल ने दर्शकों का दिल जीत लिया। शो में नजर आए एक कपल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि उन्हें करण औजला ने मालदीव ट्रिप स्पॉन्सर की है। इंडियाज गॉट लेटेंट 2 के चौथे एपिसोड के विजेता गौरव मदान रहे। कंटेस्टेंट विजेंद्र रजक ने अपने व्हील स्टंट परफॉर्मेंस से सभी को प्रभावित किया। इसके बाद हुई बातचीत के दौरान जज उनकी पत्नी से भी मिले और कपल ने बताया कि वे घर से भागकर शादी कर चुके थे, क्योंकि उनके माता-पिता उनके रिश्ते के लिए राजी नहीं थे। विजेंद्र ने बताया कि सिर्फ एक महीने तक डेटिंग करने के बाद उनकी गर्लफ्रेंड ने शादी करने की जिद की। आर्थिक तंगी के बावजूद वह मान गए और दोनों ने शादी कर ली। हालांकि, बाद में उनकी पत्नी के परिवार ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। समय ने विजेंद्र से उनके जीवन के सबसे बड़े लक्ष्य के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि वह मालदीव जाना चाहते हैं। यह सुनकर करण ने तुरंत कपल को टिकट स्पॉन्सर की। उन्होंने कहा, 'मालदीव जाकर आपको खुशी होगी, है ना? तो मैं आपके टिकट स्पॉन्सर करूंगा। तुम खुश हो ना।' समय ने करण के इस काम को प्यारा बताया, जबकि करण ने कहा, 'आपको यह आपकी पत्नी की वजह से मिल रहा है।' बाद में विजेंद्र ने इंस्टाग्राम पर शो का एक वीडियो शेयर किया और अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा,




'मुझे इतना शानदार प्लेटफॉर्म और कभी न भूलने वाला अनुभव देने के लिए इंडियाज गॉट लेटेंट का बहुत-बहुत धन्यवाद। करण औजला आपकी तारीफ और मालदीव की इस शानदार ट्रिप के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए सच में बहुत मायने रखता है।' उन्होंने दूसरे पैनलिस्ट्स का भी धन्यवाद करते हुए लिखा, 'तन्मय भट्ट, आपके प्यार और सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। गुरलीन पन्नू, आपको धन्यवाद। आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। राहुल दुआ, आपके हौसला बढ़ाने और आपकी दरियादिली के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।'

कपल का वीडियो वायरल होते ही लोग करण औजला की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'गोल्डन हार्ट'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'करण औजला म्यूजिक से हटकर भी लोगों का दिल जीत रहे हैं। ऐसे पल सेलिब्रिटी इमेज के पीछे छिपे इंसान को दिखाते हैं।' एक और फैन ने कमेंट किया, 'करण औजला ने सबका दिल जीत लिया। कितने अच्छे इंसान हैं।' करण औजला के इस भावुक और उदार व्यवहार ने सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे महज एक उपहार नहीं, बल्कि एक संघर्षरत दंपति के सपनों को साकार करने की खूबसूरत पहल बताया। करण औजला की दरियादिली ने दर्शकों का दिल जीतकर खूब वाहवाही बटोरी।

# कौन हैं गौरव मदान? समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में अपने हुनर से सबको हंसा-हंसाकर किया लोटपोट

समय रैना का शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' का दूसरा सीजन जब से शुरू हुआ है, लगातार चर्चा में बना हुआ है। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पिछले एपिसोड में राघव जुयाल और मुनव्वर फारुकी बतौर पैनलिस्ट शामिल हुए थे, जिनके साथ समय रैना ने जमकर मस्ती की। और अब शो एक और मजेदार एपिसोड के साथ वापस आ गया है। इस शो के लेटेस्ट एपिसोड में मशहूर पंजाबी सिंगर करण औजला स्पेशल गेस्ट के तौर पर शामिल हुए और शो को जमकर एंजॉय करते नजर आए। इस नए एपिसोड में कॉमेडियन गौरव मदान ने भी खूब वाहवाही लूटी। यही नहीं उन्होंने जजों से 10 में से 10 का परफेक्ट स्कोर पाकर शो में 1 लाख रुपये जीते। चलिए जानते हैं गौरव मदान के बारे में। स्टेज पर आकर गौरव मदान ने गिटार बजाते हुए स्टैंड-अप कॉमेडी की और अरिजीत सिंह के हिट सॉन्ग 'खामोशियां' को एक अलग और मजेदार लीरिक्स के साथ पेश किया, जिससे उन्हें जजों और दर्शकों से खूब तारीफ मिली और सभी हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। करण औजला और अन्य लोगों के पैनल ने उनके परफॉर्मेंस को खूब एंजॉय किया और उन्हें 10 का परफेक्ट स्कोर दिया, जिससे उनका औसत जज स्कोर 10 हो गया। दिलचस्प बात यह है कि स्टेज पर आने से पहले उन्होंने भी खुद को यही स्कोर दिया था, जिसके चलते उन्होंने 1 लाख का नकद पुरस्कार जीत लिया। गौरव मदान की बात करें तो वह भी एक कॉमेडियन हैं। वह पिछले पांच सालों से स्टैंड-अप कॉमेडी कर रहे हैं और इंस्टाग्राम पर भी उनके काफी फॉलोअर हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 39.1K लोग फॉलो करते हैं और अब समय रैना के शो के बाद उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़ने की भी काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि पिछले कंटेस्टेंट्स को भी इसका काफी फायदा मिला था।



बातचीत के दौरान, गौरव ने बताया कि उन्होंने यह गाना छह महीने पहले लिखा था और वे पिछले पांच-छह सालों से स्टैंड-अप कॉमेडी कर रहे हैं। जब से करण औजला वाला 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' का एपिसोड 4 आया है, सोशल मीडिया पर लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। किसी ने इसे 'बिना किसी शक के, अब तक का 'इंडियाज़ गॉट लेटेंट सीजन 2' का सबसे बेहतरीन एपिसोड' बताया तो कुछ का कहना था कि इस एपिसोड को देखने के बाद उन्हें इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 1 वाला एहसास मिला। वहीं कुछ यूजर्स ने गौरव मदान की परफॉर्मेंस की भी तारीफ की। एक यूज़र ने लिखा, 'इस सीजन के सबसे बेहतरीन और काबिल कंटेस्टेंट को 'इंडियाज़ गॉट लेटेंट S2' का विनर बनाया गया है।' गौरव मदान की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि अच्छी कॉमेडी केवल पंचलाइन पर नहीं, बल्कि रचनात्मक सोच, बेहतरीन टाइमिंग और आत्मविश्वास पर भी निर्भर करती है। उनकी अनोखी म्यूजिकल कॉमेडी ने जजों और दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा। शो में मिली इस सफलता के बाद सोशल मीडिया पर भी उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है और फैंस उनके आगामी परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' का यह एपिसोड दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। करण औजला की मौजूदगी, समय रैना की कॉमिक टाइमिंग और गौरव मदान की शानदार प्रस्तुति ने इसे सीजन के सबसे चर्चित एपिसोड्स में शामिल कर दिया है। कई दर्शकों का मानना है कि इस मंच ने एक बार फिर उभरती प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया है। गौरव मदान की जीत को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार सकारात्मक प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। दर्शकों ने उनकी मौलिक कॉमेडी, गिटार के साथ की गई प्रस्तुति और मंच पर आत्मविश्वास की जमकर सराहना की।कई यूजर्स ने लिखा कि उनकी परफॉर्मेंस में मनोरंजन के साथ रचनात्मकता का भी शानदार मेल देखने को मिला, जिसने उन्हें इस एपिसोड का सबसे यादगार कंटेस्टेंट बना दिया।

## मधुर भंडारकर ने संगीतकार प्रीतम से मिलने के बाद फिल्म दिल तो बच्चा जी के दिनों को किया याद



फिल्ममेकर मधुर भंडारकर ने हाल ही में मशहूर संगीतकार प्रीतम चक्रबोर्ती से मुलाकात की। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए फिल्ममेकर ने फिल्म 'दिल तो बच्चा है जी' के दिनों को याद किया। दरअसल, दोनों की मुलाकात मुंबई एयरपोर्ट पर हुई थी, जिसकी तस्वीर मधुर भंडारकर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर करते हुए लिखा, "देखो, मुंबई एयरपोर्ट पर मेरी मुलाकात किससे हुई। प्रीतम चक्रबोर्ती से मिलकर फिल्म 'दिल तो बच्चा है जी' में उनके द्वारा बनाए गए गानों की यादें ताजा हो गईं।"

साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल तो बच्चा है जी' का निर्देशन मधुर भंडार ने ही किया था। रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म में अजय देवगन, इमरान हाशमी और ओमी वैद्य मुख्य भूमिका में थे, जबकि शजान पद्मसी, श्रुति हासन, रितुपर्णा सेनगुप्ता, टिस्का चोपड़ा और श्रद्धा दास सपोर्टिंग रोल में थीं। फिल्म का संगीत प्रीतम ने तैयार किया था जो काफी लोकप्रिय हुए थे, जिनमें शीर्षक गीत 'दिल तो बच्चा है जी' विशेष रूप से पसंद किया गया था। मोहित चौहान द्वारा गाया गया गाना 'अभी कुछ दिनों से' फिल्म का मुख्य आकर्षण बना, जिसे इसकी ताजगी और सुरीलेपन के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया गया। इसके अलावा 'तेरे बिन' (सोनू निगम) और 'जादुगरी' (कुणाल गांजावाला) जैसे गानों को भी श्रोताओं का खूब प्यार मिला।

## रेमो डिसूजा की अगली एक्शन एंटरटेनर में टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगी नुसरत भरुचा



अभिनेता टाइगर श्रॉफ और निर्देशक-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा एक बार फिर एक हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर के लिए साथ आ रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की स्टारकास्ट में अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है और वो नाम है फैशन दीवा नुशरत भरुचा का, जो फिल्म में एक प्रमुख किरदार निभाती नजर आएंगी। पहली बार टाइगर श्रॉफ के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी नुसरत फिल्म से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, निर्माता ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थे जो अपने किरदार में मजबूती के साथ भावनात्मक गहराई भी ला सके और नुसरत भरुचा इस भूमिका के लिए उनकी पहली पसंद साबित हुईं। सूत्र ने बताया, "टीम ऐसे कलाकार की तलाश में थी जो कहानी में मजबूती और भावनात्मक गहराई दोनों ला सके। नुसरत शुरू से ही सबसे मजबूत विकल्पों में थीं। फिलहाल इस फ़िल्म में उनका किरदार बेहद प्रभावशाली है और दर्शक उन्हें बिल्कुल नए अंदाज में देखेंगे।"

हालांकि निर्माताओं ने अभी तक उनके किरदार का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि नुसरत की भूमिका कहानी का अहम हिस्सा होगी और वह पारंपरिक हीरोइन से कहीं आगे जाकर कहानी को नई दिशा देती नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब टाइगर श्रॉफ और नुसरत भरुचा किसी फिल्म में साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। वहीं, टाइगर और रेमो डिसूजा लगभग एक दशक बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 2016 में रिलीज़ हुई सुपरहीरो फिल्म 'ए फ्लाइंग जट्ट' में साथ काम किया था। टाइगर श्रॉफ और रेमो डिसूजा की पिछली फिल्म 'ए फ्लाइंग जट्ट' में टाइगर ने अमन ढिल्लों का किरदार निभाया था, जो एक रहस्यमयी घटना के बाद सुपरपावर्स हासिल कर सुपरहीरो बन जाता है और खलनायक राका से मुकाबला करता है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार नेथन जोन्स, के.के. मेनन, अमृता सिंह और गौरव पांडे जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में थे। आने वाली इस फिल्म में टाइगर एक बार फिर दमदार एक्शन अवतार में नजर आएंगे, जबकि नुसरत का किरदार भी कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

# सार समाचार

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पहुंचे फ्रैंकफर्ट, कोरियन कम्युनिटी से करेंगे मुलाकात



फ्रैंकफर्ट। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार को फ्रैंकफर्ट पहुंचे। ये दौरा काफी खास है। इस दौरान वो जर्मनी में रह रहे प्रवासी कोरियाई लोगों से मुलाकात भी करेंगे। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रैंकफर्ट उनके पांच देशों के दौरे का आखिरी पड़ाव है। ये दौरा 24 जुलाई को सैन फ्रांसिस्को से शुरू हुआ था। जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेमीकंडक्टर्स के लिए साउथ कोरिया को ग्लोबल हब बनाने के विजन को प्रमोट करने के लिए ग्लोबल टेक कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात की थी। इसके बाद ली ब्राजील, चिली और अर्जेंटीना पहुंचे थे। यहां उन्होंने जरूरी मिनरल सप्लाई और दूसरे द्विपक्षीय मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने लिए इन देशों के शीर्ष नेतृत्व संग शिखर वार्ता की। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, ली रविवार को सोल लौटने से पहले जर्मनी में रह रहे कोरियन कम्युनिटी के सदस्यों से मिलेंगे। अर्जेंटीना का अपना दौरा संपन्न कर ली फ्रैंकफर्ट पहुंचे हैं। ब्यूनस आयर्स में, ली ने अर्जेंटीना के अपने समकक्ष राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ विशेष बातचीत की। इस दौरान दोनों नेता जरूरी मिनरल पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए, जिसमें पूरी लिथियम वैल्यू चेन में जॉइंट प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाना भी शामिल है। इस दौरान अर्जेंटीना से कच्चे तेल के आयात को लेकर भी सहमति बनी, साथ ही साउथ कोरिया और साउथ अमेरिकन ट्रेड ब्लॉक मर्कोसुर के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत को जल्दी फिर से शुरू करने की दिशा में काम करने का वादा किया। शुक्रवार को, राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा कि साउथ कोरिया और अर्जेंटीना सहयोग के एक नए दौर की शुरुआत करेंगे, और माना कि करीबी द्विपक्षीय सहयोग स्ट्रेटेजिक रूप से पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है।

## अमेरिका के स्पोकेन में जंगल की आग हुई भयावह- जूझ रहे फायरफाइटर्स



वाशिंगटन। अमेरिका के वाशिंगटन की काउंटी स्पोकेन धू धू कर जल रही है। इसका दायरा बढ़ा है और ये 2,500 एकड़ क्षेत्र तक पहुंच गई है। जंगल से धुंए का गुबार उठता देखा जा रहा है। फायर फाइटर्स आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं और हजारों लोगों को इलाका छोड़ने की सलाह दी गई है। वॉशिंगटन के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन का कहना है कि वे रिवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) स्पोकेन जाएंगे, ताकि वहां बचाव और राहत कार्य में लगे लोगों से मिल सकें और आग से निपटने के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी कर सकें। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे घर खाली करने की जानकारी के लिए स्पोकेन काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट और स्थानीय इमरजेंसी अधिकारियों से संपर्क करें।

## अमेरिका के रेस्टोरेंट में अंधाधुंध फायरिंग, 3 लोगों की मौत, 7 घायल, हमलावर भी ढेर



अमेरिका के दक्षिणी इडाहो राज्य में एक रेस्टोरेंट में फायरिंग की घटना में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। ट्विन फॉल्स के पुलिस प्रमुख मैथ्यू हिक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मारे गए लोगों में हमलावर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पुलिस हमलावर की पहचान और हमले के मकसद का पता लगाने में जुटी है। हिक्स ने कहा, ''हमें लगता है कि लोगों के लिए अब कोई खतरा नहीं है। घटनास्थल पर बेहद अफरा-तफरी का माहौल था।'' इस घटना के एक चश्मदीद लेन कोहन (34) ने बताया कि वह 'इन-एन-आउट' रेस्टोरेंट के पास लाल बत्ती पर रुके हुए थे, तभी उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति 'एआर' शैली की राइफल लेकर निकला। उसी दौरान एक अन्य व्यक्ति ने पिस्तौल से हमलावर पर गोली चलानी शुरू कर दी। कोहन ने बताया कि उन्होंने रेस्टोरेंट की वर्दी पहने एक कर्मचारी को अपनी सहकर्मी को पार्किंग क्षेत्र में घसीटते हुए देखा, जिसे सीने में गोली लगी थी। वह कर्मचारी, कोहन और एक पिस्तौलधारी व्यक्ति उसके साथ तब तक रहे, जब तक चिकित्साकर्मी वहां नहीं पहुंच गए। उन्होंने कहा, ''उसकी हालत बहुत गंभीर थी। मुझे नहीं पता कि वह बची या नहीं, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि वह सुरक्षित हो।'' कोहन ने बताया कि पुलिस ने उन्हें वहां से निकल जाने को कहा, क्योंकि उस समय तक गोलीबारी जारी थी। उनके अनुसार यह स्पष्ट नहीं है कि उसका निशाना कोई विशेष व्यक्ति था या नहीं। सड़क के दूसरी ओर से एक ड्राइवर द्वारा बनाए गए वीडियो में एक व्यक्ति काले कपड़े पहने, लंबी राइफल लिए एक सफेद कार के पास जाता दिखाई देता है। उसने ड्राइवर की ओर का दरवाजा खोला और कार का पिछला हिस्सा खोला।

# सत्ता से बेदखल होने के बाद पहली बार दुनिया के सामने आएंगी शेख हसीना, बताएंगी आगे का प्लान!



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के सत्ता से बेदखल होने के लगभग दो साल बाद भारत में पहली बार खुले तौर पर मीडिया के सामने आने जा रही हैं। वह 5 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले एक वर्चुअल कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी, जहां वह अपने भविष्य की योजनाओं और बांग्लादेश लौटने की संभावनाओं पर बात करेंगी। यह कार्यक्रम फॉरेन करिस्पॉन्डेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया की ओर से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक नई दिल्ली के सिर मार्क टली ऑडिटोरियम, मथुरा रोड में होगा। इसका सीधा प्रसारण क्लब के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम शेख हसीना के 15 साल लंबे शासन के पतन की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर आयोजित किया जा रहा है। 5 अगस्त 2024 को आरक्षण प्रणाली के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन ने देशव्यापी सरकार विरोधी आंदोलन का रूप ले लिया था। प्रदर्शनकारियों के सरकारी इमारतों पर कब्जा और हिंसक घटनाओं के बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा था, जिससे उनके लगभग 16 साल लंबे शासन का अंत हो गया। भारत आने के बाद से शेख हसीना ने सार्वजनिक कार्यक्रमों और मीडिया से दूरी बनाए रखी थी। ऐसे में यह उनका सत्ता से हटने के बाद पहला बड़ा सार्वजनिक संबोधन माना जा रहा है। कार्यक्रम में शेख हसीना के साथ कई प्रमुख बांग्लादेशी राजनीतिक नेता, पूर्व मंत्री, राजनयिक और विश्लेषक भी शामिल होंगे। इनमें उनके बेटे और बांग्लादेश के पूर्व आईसीटी सलाहकार सजीब वाजेद जॉय, पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी नोफेल, बांग्लादेश ह्यूमन राइट्स वॉच के महासचिव महम्मद अली सिद्दीकी, पूर्व क्रिकेटर और पूर्व सांसद शाकिब अल हसन, पूर्व राजनयिक एवं सुरक्षा विशेषज्ञ अमीनुल हक पोलाश, राजनीतिक एवं आतंकवाद-रोधी मामलों के विश्लेषक अबू ओबैधा आरिन और बांग्लादेश ह्यूमन राइट्स वॉच यूएसए के निदेशक शाह एमडी बख्तियार शामिल हैं।

# इंडोनेशिया की बोट में आग लगने से बड़ा हादसा, 5 लोगों की मौत और 41 लापता; Ferry में 271 थे सवार



इंडोनेशिया की एक फेरी में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया है। इस घटना में अब तक 5 लोगों की मौत की खबर आ चुकी है, जबकि 41 लोग लापता बताए जा रहे हैं। खोज और बचाव अधिकारियों ने बताया कि इस फेरी में 271 लोग सवार थे। नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी 'बासारनास' के मुताबिक, जब यह जहाज पूर्वी जावा के सुराबाया से साउथ सुलावेसी के मकासर जा रहा था, तब कैप्टन ने आग लगने की सूचना दी। जान लें कि सुराबाया, इंडोनेशिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। वहां से निकली फेरी में आग लगने का हादसा हुआ है। आग लगने के बाद फेरी पर सवार लोग घबरा गए और चीखने-चिल्लाने लगे। फिलहाल, रेस्क्यू टीम लोगों को बचाने में जुटी हुई है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि फेरी में आग कैसे लग गई। ये घटना आज (रविवार को) सुबह हुई है। बासारनास की ओर से जारी किए गए वीडियो से ली गई इस तस्वीर में, इंडोनेशिया के मदुरा आईलैंड के पास समंदर में यात्री जहाज 'मुतियारा संतोसा 2' में आग लगने के बाद उससे धुआं उठता नजर आया। जिस मदुरा द्वीप के पास ये घटना हुई है वह जावा के उत्तर-पूर्वी तट के पास मौजूद है। फेरी में सवार रहे लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। अफसरों के अनुसार, दुर्घटना की खबर मिलते ही कई रेस्क्यू नावें, कोस्ट गार्ड के जहाज और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान समंदर से कई यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया, जबकि लापता लोगों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। प्रशासन के मुताबिक, जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी, जो यह मालूम करेगी कि आग टेक्निकल खराबी, इंजन में गड़बड़ी या किसी अन्य वजह से लग गई।

# पाकिस्तान में शांति रैली के दौरान बड़ा धमाका, चपेट में आने से 14 लोगों की मौत; कई घायल



पाकिस्तान से धमाके की बड़ी खबर आई है। दरअसल, नॉर्थ-वेस्ट पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आज (रविवार को) एक शांति रैली के दौरान हुए ब्लास्ट में 14 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। खैबर पख्तूनख्वा के अफसरों के मुताबिक, यह धमाका स्वात जिले के कबाल कस्बे में स्वात शांति रैली में हुआ। स्वात पुलिस ने कहा कि 14 लोगों की जान चली गई है जबकि करीब 15 लोग गंभीर तौर पर घायल हैं। सूत्रों के मुताबिक, स्वात की रैली में धमाका फिदायीन हमले जैसा लग रहा है। हालांकि, इसकी तुरंत कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्वात में इस शांति रैली का आयोजन स्वात अमन जिरगा यानी स्थानीय जनजातीय परिषद की तरफ से किया गया था। रैली की मकसद इलाके में शांति स्थापित करने की मांग करना था। हालांकि, अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि स्वात में पिछले कुछ महीनों में सुरक्षा की स्थिति बिगड़ी हुई है। अफसरों के मुताबिक, रेस्क्यू टीम ने धमाके में घायल लोगों को पास के हॉस्पिटल्स में एडमिट कराया जबकि पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इससे पहले बीते 26 जुलाई को भी खैबर पख्तूनख्वा में जोरदार धमाका हुआ था और उसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, यह वारदात खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में हुई थी। सलारजई तहसील की ताली बांध के नजदीक धमाके की चपेट में आने से दो लोगों की जान चली गई थी। पुलिस के अनुसार, धमाके में मारे गए लोगों की पहचान बाजौर के निवासी गुलाम और सुलेमान कारी के रूप में हुई थी। जान लें कि कि नॉर्थ-वेस्ट पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत बीते कुछ सालों से अशांति से जूझ रहा है। इसका कारण यहां उग्रवादी हिंसा, अफगानिस्तान के लड़ाकों की सरहद पार आवाजाही और उनका पाकिस्तानी सैनिकों से संघर्ष है। इस इलाके में रहने वाली तमाम आबादी अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा के तौर पर खिंची डूरंड लाइन को भी नहीं मानती है। धमाके के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और रैली में शामिल लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सुरक्षा बलों, पुलिस और बचाव दल ने तुरंत राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को सील कर साक्ष्य जुटाने का काम शुरू कर दिया है। बम निरोधक दस्ते और फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी मौके पर पहुंचकर विस्फोट के कारणों की जांच में जुट गए हैं।

# ट्रंप का दावा, अमेरिका ईरान के बीच होगी बैठक, होर्मुज के साथ न्यूक्लियर डील के भी दिए संकेत



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह लोगों की जान नहीं लेना चाहते हैं और इसलिए सहयोगी देशों के कहने पर वह एक बार फिर ईरान के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह बातचीत सोमवार दोपहर को होगी। ट्रंप ने कहा कि हम हमला करने के लिए तैयार थे और इस बार का हमला दूसरे विश्वयुद्ध के बाद का सबसे बड़ा हमला होता, लेकिन ईरान ने ऐसा नहीं करने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि सऊदी अरब, UAE, कतर और ईरान ने ऐसा करने को कहा है। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट पर एक डील होने के साथ ही न्यूक्लियर मामले पर भी डील होने के संकेत दिए हैं।'' ईरान पर हमले रोकने के अपने फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "मैं लोगों की जान नहीं लेना चाहता क्योंकि लोगों की मौत होती है। हम ऐसा नहीं चाहते। मैंने सऊदी अरब के राजा और क्राउन प्रिंस से पूछा। मैंने कहा, क्या आप चाहेंगे कि हम ऐसा करें या नहीं? उन्होंने कहा, हम एक डील (समझौता) को ज्यादा पसंद करेंगे। क्योंकि आपको नहीं पता कि ये हमले कहां तक जा सकते हैं। मेरा मतलब है, यह एक बड़ी मुसीबत होगी। बहुत सी बुरी चीजें हो सकती हैं।" अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "यह एक बहुत बड़ा हमला होने वाला था। यह हमला दूसरे विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा हमला होता, लेकिन उन्होंने (ईरान ने) हमसे ऐसा न करने को कहा। उन्होंने कहा, प्लीज ऐसा मत कीजिए। उनके पड़ोसियों ने भी यही कहा।" उन्होंने आगे कहा, "सऊदी अरब, UAE, कतर और ईरान ने ऐसा करने को कहा है। हम पूरी तरह तैयार थे, यह एक बहुत बड़ा हमला होता। लेकिन जब सहयोगी देश इसे टालने के लिए कहते हैं, तो आपको सोचना पड़ता है, चलिए देखते हैं। और उनके ऐसा कहने की वजह यह है कि उन्हें लगता है कि कोई डील हो सकती है। होर्मुज पर एक डील हो सकती है, और फिर न्यूक्लियर मामले पर भी डील होगी।" ट्रंप ने कहा, "मैं इसे ईरान का डी-न्यूक्लियराइजेशन (परमाणु हथियार खत्म करना) कहता हूं। हम इसे रोके हुए हैं। हम जब चाहें ऐसा कर सकते हैं। ईरान ने भी हमसे अपील की थी।

# जापान में आए भूकंप के बाद लगभग 80 हजार घरों में पानी की किल्लत, मृतकों की संख्या बढ़कर 38 हुई

टोक्यो। जापान के कुमामोटो प्रांत में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। प्रांत सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह हुई आपदा प्रबंधन मुख्यालय की मीटिंग में, कुमामोटो प्रांत के अधिकारियों ने बताया कि 38 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनकी मौत की जांच अभी भी चल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनकी मौत 7.1 तीव्रता के भूकंप की वजह से हुई थी या नहीं। यात्सुशिरो शहर में निप्पॉन पेपर फैक्ट्री में, जहां भूकंप की वजह से धुएं का गुबार गिर गया था, रेस्क्यू टीम ने 10 लोगों को वहां से निकाला। उनमें से आठ की मौत की पुष्टि हो गई, जबकि दो घायल हो गए। एक और व्यक्ति जो लापता था, गुरुवार को दोपहर के बाद मलबे में मिला। हालांकि उस व्यक्ति की हालत अभी तक पता नहीं चली है। काशिमा टाउन के एऑन मॉल कुमामोटो में, जहां भूकंप के बाद एक बड़ा हमला हुआ था, 12 लोगों को बचाया गया। उनमें से सात की मौत की पुष्टि हो गई है और पांच घायल हैं। पुलिस और फायरफाइटर्स यह पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी रख हुए हैं कि बिल्डिंग के अंदर कोई और फंसा हुआ है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि अभी पूरे इलाके में 406 इवैक्यूएशन शेल्टर में 9,400 से ज्यादा लोग रह रहे हैं। भूकंप की वजह से करीब 79,700 घरों में पानी नहीं है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि अभी किसी भी प्रभावित नगर पालिका में पानी की सर्विस ठीक करने का कोई टाइमटेबल नहीं है।

# मॉस्को में रेस्तरां के बाहर भीषण धमाका : आत्मघाती विस्फोट में सुरक्षा गार्ड और महिला समेत 3 की मौत

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को के मध्य इलाके में रविवार शाम एक इटैलियन रेस्तरां के बाहर हुए भीषण विस्फोट से हड़कंप मच गया। इस घटना में महिला हमलावर, एक सुरक्षा गार्ड और रेस्तरां के एक ग्राहक समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। रूसी सरकारी मीडिया ने सुरक्षा अधिकारियों और नेशनल एंटी-टेररिस्ट कमेटी के हवाले से पुष्टि की है कि यह धमाका एक होममेड (घरेलू) विस्फोटक उपकरण के जरिए किया गया था। जानकारी के अनुसार, घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 8:00 बजे शहर के व्यस्त कुड्रिंस्काया स्क्वायर के पास स्थित एक इटैलियन रेस्तरां में हुई। अंदर जाने की कोशिशः नेशनल एंटी-टेररिस्ट कमेटी के मुताबिक, एक संदिग्ध महिला अपने साथ विस्फोटक लेकर रेस्तरां के अंदर घुसने का प्रयास कर रही थी। मुस्तैदी और धमाकाः मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने महिला को संदिग्ध मानते हुए भीतर जाने से रोक दिया। इसी धक्का-मुक्की के दौरान रेस्तरां के बाहर ही जोरदार धमाका हो गया। मौके पर मौतः इस ब्लास्ट में महिला, उसे रोकने वाले जांबाज सुरक्षा गार्ड और पास ही मौजूद एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना जोरदार था कि रेस्तरां के शीशे टूट गए और कई लोग खून से लथपथ हालत में बाहर भागे। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हालांकि, जांच एजेंसियां मामले की हर कोण से जांच कर रही हैं।

# स्प्यूटा माइग्रेशन संकट - इटली ने समुद्र और हवाई मार्ग के जरिये स्पेन से आने वालों की शुरू की जांच



रोम। स्पेन के शहर स्प्यूटा में अवैध प्रवासन के संकट ने इटली और स्पेन के बीच राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। हजारों प्रवासियों के स्पेनिश इलाके में पहुंचने की खबर के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्पेन से समुद्र और हवाई रास्ते से आने वालों पर बॉर्डर पर और कड़ी जांच की घोषणा की। इससे पहले पीएम मेलोनी ने शेंगेन क्षेत्र को सस्पेंड करने की चेतावनी जारी की थी। दरअसल स्प्यूटा अफ्रीकी देश मोरक्को की सीमा पर स्थित है। यह यूरोप में दाखिल होने वाले लोगों में लिए प्रमुख रास्ता है। इटली सरकार का मानना है कि यदि प्रवासी स्पेन पहुंच जाते हैं तो शेंगेन क्षेत्र के कारण वे बाद में दूसरे यूरोपीय देशों, जैसे इटली, फ्रांस या जर्मनी तक भी पहुंच सकते हैं। यूरो न्यूज के अनुसार, इटली ने स्प्यूटा संकट के बाद स्पेन से आने वाले यात्रियों की फिर से जांच शुरू कर दी है। इटली के बंदरगाहों और एयरपोर्टों पर गैर-ईयू नागरिकों के लिए आईडी चेक किए जाते हैं। इटली की पीएम मेलोनी की चेतावनी के बाद शेंगेन एरिया को रद्द करने का ऐलान किया। इस कदम को इटली के गृह मंत्री माटेओ पियांटेडोसी ने जरूरी लेकिन ऐहतियाती बताया। कोई भी देश किसी दूसरे देश को फ्री-मूवमेंट एरिया से एकतरफा तौर पर सस्पेंड नहीं कर सकता। ऐसे में इटली ने शेंगेन नियमों के अपवाद के तौर पर स्पेन के साथ बॉर्डर चेकिंग फिर से शुरू कर दी है। इटली के गृह मंत्री ने बताया कि यह एक महीने के लिए स्पेन के साथ समुद्र और हवाई सीमाओं पर सीमा नियंत्रण को फिर से लागू करना है। यह एक ऐसा कदम है जिसका मकसद खास तौर पर शेंगेन एरिया में गैर-ईयू नागरिकों की रेगुलर आवाजाही पर नजर रखना है।

# खेल समाचार

## श्रीलंका टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम में बड़ा बदलाव, सुभदीप घोष बने नए फील्डिंग कोच

सुभदीप घोष को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का नया फील्डिंग कोच चुना गया है। वह असम और रेलवे टीम के पूर्व खिलाड़ी हैं। वह टी. दिलीप की जगह लेंगे, जिनका जिम्बाब्वे दौरे के बाद कांट्रैक्ट खत्म हो गया था और उसे आगे नहीं बढ़ाया गया। 57 साल के सुभदीप घोष 1994 से 2004 के बीच 17 फर्स्ट-क्लास मैच खेल चुके हैं। वह असम की टीम के हेड कोच भी रह चुके हैं। भारतीय टीम के साथ उनका कार्यकाल अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ शुरू होगा। भारत-श्रीलंका टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होगी। सीरीज का पहला मैच गॉल में खेला जाएगा। टी दिलीप और रयान टेन डोएशेट के जाने के बाद, सुभदीप घोष भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल होने वाले नए सदस्य बन गए हैं। इस स्टाफ में पहले से ही सितांशु कोटक (बल्लेबाजी कोच) और मोर्ने मोर्कल (गेंदबाजी कोच) शामिल हैं। घोष इससे पहले नेशनल क्रिकेट अकादमी (NCA) में भी अपनी भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने इंडिया-ए टीम, भारतीय महिला टीम और IPL में दिल्ली कैपिटल्स व कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ भी काम किया है। उनकी मेहनत और काम की समझ की हर जगह काफी तारीफ हुई है। इससे क्षेत्र के नए खिलाड़ियों और कोचों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## एशिया कप 2026 के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का हुआ ऐलान, प्रेमा रावत को मिली टीम में जगह



BCCI ने इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले एशिया कप 2026 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। सेलेक्टर्स ने इस टूर्नामेंट के लिए भी लगभग वही टीम रखी है, जो अगले महीने होने वाले एशियन गेम्स में मैदान पर उतरेगी। लॉर्ड्स टेस्ट में शानदार शतक लगाने वाली यास्तिका भाटिया को इस बार भी मौका नहीं मिला है। सेलेक्टर्स ने उन पर भरोसा जताने के बजाय 18 साल की युवा खिलाड़ी जी. कमलिनी को टीम में शामिल किया है।

एशिया कप के स्क्वॉड में सिर्फ एक बदलाव देखने को मिला है। श्रेयांका पाटिल को टीम में जगह नहीं मिली है। इसका मतलब कि वह अपनी टखने की चोट से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाई हैं। टखने की चोट की वजह से उन्हें टी20 वर्ल्ड कप भी बीच में ही टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। वर्ल्ड कप में उनकी जगह लेग स्पिन ऑलराउंडर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया था और चयनकर्ताओं ने एशिया कप के लिए भी प्रेमा रावत को ही टीम में जगह दी है। 30 जून को जब एशियन गेम्स के लिए टीम का ऐलान हुआ था, तब श्रेयंका पाटिल को टीम में जगह मिली थी, लेकिन उनका चयन फिटनेस के अधीन हुआ था। दूसरी ओर 24 साल की प्रेमा रावत को वर्ल्ड कप में सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला। बाद में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से अपना आखिरी लीग मैच हारकर वर्ल्ड कप से बाहर हो गई थी।

## ग्लास्गो के रेस्टोरेंट में भारत के नक्शे से गायब था नॉर्थ-ईस्ट, बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने जताई आपत्ति



कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के लिए मेडल जीतने के बाद जश्न का माहौल था, लेकिन ग्लास्गो के एक भारतीय रेस्टोरेंट में हुई एक छोटी-सी चूक ने भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन का ध्यान खींच लिया। असम की रहने वाली लवलीना ने देखा कि रेस्टोरेंट में इस्तेमाल किए जा रहे भारत के नक्शे में पूर्वोत्तर यानी नॉर्थ-ईस्ट का हिस्सा ही नहीं दिखाया गया था।

इसे देखकर उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की और रेस्टोरेंट मैनेजमेंट से इस गलती को सुधारने की अपील की। यह घटना उस समय हुई जब कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के मुक्केबाजों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 7 गोल्ड और 3 सिल्वर सहित कुल 10 मेडल जीते। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए भारतीय बॉक्सिंग दल ग्लास्गो के प्रसिद्ध भारतीय रेस्टोरेंट मिस्टर सिंह इंडिया द होम ऑफ करी पहुंचा था। इसी दौरान लवलीना की नजर रेस्टोरेंट के बाहर लगे साइनबोर्ड और टेबल पर रखे नैपकिन पर छपे भारत के नक्शे पर गई। उन्होंने पाया कि उसमें भारत का पूर्वोत्तर हिस्सा नहीं दिखाया गया है। इसके बाद उन्होंने शांत और सम्मानजनक तरीके से रेस्टोरेंट मैनेजमेंट के सामने अपनी बात रखी। लवलीना ने कहा कि प्लीज उनकी बात का गलत मतलब मत निकालिए। उन्हें यह देखकर थोड़ा दुख हुआ कि भारत के नक्शे में हमारा नॉर्थ-ईस्ट नहीं है। बाहर लगे बोर्ड पर भी यही गलती है। वह नॉर्थ-ईस्ट से आती हैं और यह हमारे लिए तकलीफ देने वाली बात है। बस इतना कहना चाहती हूं कि अगली बार इसका ध्यान रखें। धन्यवाद। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ यानी BFI के अध्यक्ष अजय सिंह ने भी स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी तरह का विवाद या बहस नहीं हुई। उनकी गलती की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और आश्वासन दिया कि इसे ठीक कर दिया जाएगा।

## इंडिया हॉकी 360 फेस्टिवल ने चंडीगढ़ में वैश्विक हॉकी विशेषज्ञता को जोड़ा



चंडीगढ़। इंडिया हॉकी 360 फेस्टिवल के उद्घाटन संस्करण का आज चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस दो दिवसीय आयोजन ने उत्तर अमेरिका के हॉकी विशेषज्ञों और कोचों को एक मंच पर लाकर भारत में रोलर, बॉल और आइस हॉकी के विकास को बढ़ावा देने का कार्य किया। कोचिंग शिक्षा, खिलाड़ी विकास और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से इस फेस्टिवल ने प्रतिभागियों को वैश्विक विशेषज्ञता से सीखने का अवसर प्रदान किया और देश में हॉकी के जमीनी स्तर के विकास को मजबूत करने की दिशा में सार्थक पहल की। तुलसीया स्पोर्ट्स मार्केटिंग (TSM) और एनएचएल (NHL) ब्रॉडकास्टर रणदीप जांडा द्वारा सह-आयोजित इस फेस्टिवल ने खिलाड़ी विकास, कोचिंग शिक्षा और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत के हॉकी समुदाय को अंतरराष्ट्रीय संगठनों और पेशेवर कोचों से जोड़ा। फेस्टिवल की शुरुआत 1 अगस्त को नेक्सस एलांते, चंडीगढ़ में आयोजित ट्राई बॉल हॉकी एक्टिवेशन से हुई, जहां सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव गतिविधियों और कौशल आधारित चुनौतियों के माध्यम से पहली बार बॉल हॉकी का अनुभव प्राप्त किया। 2 अगस्त को फेस्टिवल सेक्टर 10 स्केटिंग रिंक, चंडीगढ़ में आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IHAI) के सहयोग से कोचेज़ समिट, एलीट रोलर हॉकी क्लिनिक और 3x3 एग्ज़िबिशन के साथ आगे बढ़ा। एबॉट्सफोर्ड कैनक्स के असिस्टेंट कोच हैरी महेश ने एलीट हॉकी क्लिनिक का नेतृत्व करते हुए खिलाड़ियों और कोचों के साथ अपनी कोचिंग विशेषज्ञता साझा की। वहीं, रणदीप जांडा ने सह-आयोजक के रूप में पूरे दिन की गतिविधियों में भाग लेते हुए प्रतिभागियों से संवाद किया और भारत में रोलर, बॉल और आइस हॉकी को आगे बढ़ाने के फेस्टिवल के उद्देश्य को और मजबूत किया। इस फेस्टिवल को विश्व की प्रतिष्ठित आइस हॉकी संस्थाओं का समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें नेशनल हॉकी लीग (NHL), वैंकूवर कैनक्स और बॉयर हॉकी (Bauer Hockey) प्रमुख रहे। इनके साथ आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IHAI) और अन्य साझेदार संस्थाओं ने भी खेल के वैश्विक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

तुलसीया स्पोर्ट्स मार्केटिंग की पार्टनर श्रीषा वामन ने कहा, "भारत में रोलर, बॉल और आइस हॉकी के विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें वैश्विक विशेषज्ञता और खेल समुदायों के सहयोग से साकार किया जा सकता है। इंडिया हॉकी 360 फेस्टिवल, टीएसएम के उस मिशन के अनुरूप है जिसके तहत विविध समुदायों के माध्यम से खेलों के लिए दीर्घकालिक अवसर बनाए जाते हैं, और इसमें अंतरराष्ट्रीय साझेदारों तथा स्थानीय हितधारकों को एक मंच पर लाया गया।

इस पहल को साकार होते देखना बेहद उत्साहजनक रहा और हमें उम्मीद है कि यह फेस्टिवल भविष्य में ऐसे कई प्रयासों की मजबूत नींव रखेगा, जो भारत में इस खेल के दीर्घकालिक विकास में योगदान देंगे।" एनएचएल ब्रॉडकास्टर और इंडिया हॉकी 360 फेस्टिवल के सह-आयोजक रणदीप जांडा ने कहा, "भारत के हॉकी समुदाय के साथ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता को जोड़ना वास्तव में एक विशेष अनुभव रहा है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य हमेशा ज्ञान साझा करना, मजबूत संबंध स्थापित करना और भारत में हॉकी खिलाड़ियों एवं कोचों की अगली पीढ़ी के लिए नए अवसर तैयार करना रहा है।

## 30 अगस्त से शुरू होगी शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग: शुभमन, अर्शदीप रहे मौजूद




पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेर-ए-पंजाब टी-20 लीग का आधिकारिक ऐलान किया गया। इस दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, पंजाब के खेल मंत्री मीत हेयर और पीसीए अध्यक्ष अमरजीत सिंह मेहता मौजूद रहे।

घोषणा के अनुसार, लीग की शुरुआत 30 अगस्त से होगी। इसमें पंजाब के विभिन्न जिलों के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 120 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जबकि करीब 250 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के पूल से टीमों का गठन होगा। भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल ने कहा कि यह लीग पंजाब के युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच साबित होगी। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी आगे चलकर पंजाब और भारत के लिए खेलना चाहते हैं, उन्हें अपनी प्रतिभा साबित करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। खेल मंत्री मीत हेयर ने कहा कि पंजाब के लिए यह गर्व की बात है कि शुभमन गिल और अर्शदीप सिंह जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवराज सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने पंजाब की क्रिकेट विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और आज भारतीय क्रिकेट में पंजाब के खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान है। मीत हेयर ने बताया कि लीग का उद्देश्य केवल स्थापित खिलाड़ियों को मंच देना नहीं, बल्कि जिला और स्थानीय स्तर पर नियमित क्रिकेट खेलने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को आगे लाना है।

उन्होंने कहा कि बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कभी भी किया जा सकता है और यह लीग भी खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

पीसीए अध्यक्ष अमरजीत सिंह मेहता ने कहा कि लीग में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भविष्य के चयन में अहम भूमिका निभाएगा, हालांकि किसी खिलाड़ी के चयन के लिए इस लीग में खेलना अनिवार्य नहीं होगा। चयन हमेशा खिलाड़ी के समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा, लेकिन यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को निश्चित रूप से फायदा मिलेगा।

## बुमराह के बाएं घुटने में तकलीफ, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रह सकते हैं बाहर



भारत-श्रीलंका के बीच 15 अगस्त से दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, जिससे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाहर होने की आशंका है, क्योंकि उनके बाएं घुटने में तकलीफ है। जसप्रीत बुमराह 16 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में फील्डिंग के दौरान अपना बायां घुटना चोटिल करवा बैठे थे, जिसमें सूजन आने के कारण वह इंग्लैंड के विरुद्ध 19 जुलाई को सीरीज का निर्णायक मैच नहीं खेल सके थे। रविवार को एक सूत्र ने 'आईएएनएस' को बताया, "जिस दिन कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि बुमराह ने श्रीलंका दौरे के लिए फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है, असलियत यह थी कि उन्होंने उस समय तक गेंदबाजी शुरू ही नहीं की थी। इस हफ्ते बेंगलुरु में बीसीसीआई सीईओ में रहने के दौरान उन्होंने एक भी गेंद नहीं फेंकी। मेडिकल टीम को लगा कि उन्हें ठीक होने के लिए और समय चाहिए, क्योंकि अगर बुमराह तुरंत खेलने लगते हैं तो घुटने की चोट और बढ़ सकती है। उनका पूरी तरह ठीक होना प्राथमिकता है और इसका मतलब है कि उनके श्रीलंका दौरे से बाहर रहने की आशंका है।" शुरुआत में बुमराह को शुभमन गिल की कप्तानी वाली टेस्ट टीम में शामिल किया गया था, लेकिन यह उनके फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर था। अब, अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर चयन समिति के किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की उम्मीद है। बुमराह की जगह टीम में शामिल होने के लिए जम्मू-कश्मीर के सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर आकिब नबी सबसे आगे चल रहे हैं, जिन्होंने साल की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर के लिए रणजी ट्रॉफी में 60 विकेट लिए थे। बुमराह के अलावा, भारत के तेज गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बरार शामिल हैं। जिसके बाद उसे 15 अगस्त से गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेलना है। भारतीय टेस्ट टीम के 4 अगस्त को श्रीलंका पहुंचने की उम्मीद है। दूसरा टेस्ट मैच 23 से 27 अगस्त के बीच सिंहालीज स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।

## भारत ने पाकिस्तान को 2 विकेट से रौंदा, ऋषि धवन का शानदार प्रदर्शन

एशियन लीजेंड्स लीग 2026 का छठा मैच इंडियन रॉयल्स और पाकिस्तान पैंथर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में इंडियन टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए पाकिस्तान पैंथर्स को 2 विकेट से मात दी। इस मुकाबले में इंडियन रॉयल्स टीम के लिए ऋषि धवन और सरुल कंवर ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया।



वहीं गेंदबाजी में शादाब जकाती और सुबोध भाटी ने 2-2 विकेट लिए। ऋषि धवन ने इस मैच में बल्ले से 50 रन की बेहतरीन पारी खेली। वहीं गेंदबाजी में भी उन्होंने 1 विकेट हासिल किए। यह इस टूर्नामेंट में इंडियन रॉयल्स टीम की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश टाइगर्स को हराया था। इंडियन रॉयल्स की टीम ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान पैंथर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद यासिर 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान इमरान नजीर ने 29 बॉल पर 47 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं इबरार अट्टा और तौफीक उमर ने 39-39 रन बनाए। यासिर शाह ने 10 रन का योगदान दिया।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का अभियान हुआ खत्म, मेडल टैली में किस स्थान पर रहा इंडिया?





ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के सभी मुकाबले पूरे हो चुके हैं। भारत ने इस बार कुल 39 पदक जीते, जिनमें 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। आखिरी दिन 2 जुलाई को भारतीय खिलाड़ियों को कोई मेडल नहीं मिला। खेल के अंतिम दिन भारतीय एथलीटों ने साइकिलिंग और जूडो में हिस्सा लिया था, लेकिन वे जीत हासिल नहीं कर सके। भारत इस कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया। स्कॉटलैंड 39 मेडल के साथ पांचवें स्थान पर है। भारत और स्कॉटलैंड दोनों ने 13-13 गोल्ड जीते हैं, लेकिन भारत के पास 17 सिल्वर मेडल हैं जबकि स्कॉटलैंड के पास सिर्फ 9 हैं।

ज्यादा सिल्वर होने की वजह से भारत चौथे नंबर पर है। मेडल टैली में ऑस्ट्रेलिया 70 गोल्ड, 45 सिल्वर और 56 ब्रॉन्ज मेडल और कुल 171 पदक के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं 110 मेडल के साथ इंग्लैंड (29 गोल्ड) के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं कनाडा इस पदक तालिका में 19 गोल्ड और कुल 62 मेडल के साथ तीसरे नंबर पर रहा। स्कॉटलैंड 39 मेडल के साथ पांचवें स्थान पर है। भारत और स्कॉटलैंड दोनों ने 13-13 गोल्ड जीते हैं, लेकिन भारत के पास 17 सिल्वर मेडल हैं जबकि स्कॉटलैंड के पास सिर्फ 9 हैं। ज्यादा सिल्वर होने की वजह से भारत चौथे नंबर पर है। पुरुष भालाफेंक में नीरज चोपड़ा और यशवीर ने इस कॉमनवेल्थ गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मेडल अपने नाम किए। नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीता। वहीं यशवीर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। खास बात यह है कि इस बार भारत ने कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे अपने मुख्य खेलों के बिना भी बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। बॉक्सिंग में भारत ने रिकॉर्ड 7 गोल्ड, जूडो में पहली बार 2 गोल्ड और एथलेटिक्स में कई ऐतिहासिक सफलताओं ने भारत के इस सफर को यादगार बना दिया।

## 85 रन पर ऑलआउट होकर भी टीम बनी चैंपियन, 47 साल के कप्तान ने फाइनल में किया कमाल

ग्लोबल सुपर लीग (GSL) 2026 के फाइनल मैच में गयाना अमेजन वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए गयाना की पूरी टीम सिर्फ 85 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। लेकिन इसके बावजूद, गयाना के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 79 रनों पर ही समेट दिया और 6 रनों से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही गयाना की टीम लगातार दूसरी बार GSL की ट्रॉफी अपने नाम करने में कामयाब रही।

टी20 क्रिकेट के इतिहास में किसी भी फाइनल मैच में डिफेंड किया गया यह अब तक का सबसे छोटा स्कोर है। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलाकर कुल 164 रन बनाए, जो किसी भी टी20 फ्रेंचाइजी लीग के फाइनल का सबसे छोटा अग्रीगेट स्कोर है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गयाना अमेजन वारियर्स की शुरुआत बेहद खराब रही। पीटर सिडल की तेज गेंदबाजी के सामने सिर्फ 25 रन के स्कोर पर ही आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद देखते ही देखते 29 रन पर ही गयाना की टीम 8 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से टीम के लिए 50 का स्कोर पार कर पाना भी मुश्किल लग रहा था।

# फैटी लिवर है तो आज ही बदलें ये आदतें, डॉक्टर ने बताया बीमारी कंट्रोल करने का आसान तरीका



फैटी लिवर आज के समय में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। खराब खानपान, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा और अनहेल्दी लाइफस्टाइल इसके प्रमुख कारण माने जाते हैं। हालांकि, समय रहते सही जीवनशैली अपनाकर और खानपान में जरूरी बदलाव करके इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। साओल हार्ट सेंटर के संस्थापक और एमबीबीएस, एमडी डॉ. बिमल छाजेर ने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया कि फैटी लिवर के मरीजों के लिए केवल दवाएं ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की कुछ अच्छी आदतें अपनाना भी बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं डॉक्टर के बताए ऐसे ही जरूरी टिप्स, जो लिवर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

वजन करें कमः अगर आपको फैटी लिवर है, तो सबसे पहले वजन कम करने पर ध्यान दें। ज्यादा वजन की वजह से लिवर की कोशिकाओं में अतिरिक्त चर्बी जमा होने लगती है, जिससे सूजन और गंभीर नुकसान हो सकता है। बता दें, ऐसे में शरीर के वजन में 5-10% की कमी भी लिवर में जमा फैट को कम करने और सूजन घटाने में मदद कर सकती है। वजन कम करने के लिए संतुलित आहार और नियमित एक्सरसाइज अपनाएं।

शुगरी फूड्स का सेवन न करें: कोल्ड ड्रिंक, पैकेज्ड जूस, मिठाइयां, केक, कुकीज और रिफाइंड कार्ब्स जैसी चीजों का सेवन कम करें। ज्यादा चीनी और फ्रक्टोज लिवर में फैट जमा होने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं।

फिजिकली एक्टिव हो जाएं: रोजाना कम से कम 30-45 मिनट तेज चाल से चलना, साइक्लिंग, तैराकी या अन्य एक्सरसाइज करें। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली शारीरिक गतिविधि फैटी लिवर को कंट्रोल करने में मददगार हो सकती है।

# कभी सोचा है क्यों आपका पेट अचानक से फूल जाता है?

क्या आपने कभी महसूस किया है कि अचानक से सोकर उठने के बाद या खाना खाने के बाद आपके पेट में सूजन की समस्या क्यों हो जाती है? इसके अलावा कई बार कुछ खाया आपको ऐसा लगता है कि पेट फूल गया है। तो, कभी बिना खाए ही आपको लंबे समय तक ब्लोटिंग की समस्या होती रहती है। दरअसल, इन सबके पीछे कुछ वो कारण हैं जिन्हें आप आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं। कई बार तो आप इनपर ध्यान भीनहीं देते हैं। तो, आइए जानते हैं ब्लोटिंग के इन्हीं कारणों के बारे में विस्तार से। पेट फूलने का मुख्य कारण है जल्दी-जल्दी खाना खाना। दरअसल, जब आप जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं तो खाने के साथ मुंह में हवा भी चली आती है जिससे पेट में हवा भरने के साथ ब्लोटिंग की समस्या हो जाती है। यानी कि इसकी वजह से महसूस होने लगता है कि अचानक से आपका पेट फूल गया है। अपच और कब्ज की समस्या में अक्सर लोगों का पेट फूल जाता है। इसकी वजह से होता ये है कि पाचन क्रिया प्रभावित रहता है और बॉवेल मूवमेंट स्लो हो जाता है। तो, होता ये है कि कब्ज की समस्या नहीं होती है। साथ ही कब्ज की वजह से पेट फूलने लगता है और ये कई सारी दिक्कतों का कारण बनने लगता है। पेट फूलने का मुख्य कारण है बेढ़द खराब डाइजेशन जिसकी वजह से पूरा पाचनतंत्र प्रभावित रहता है और पेट एसिड बाइल जूस को प्रभावित करता है। साथ ही होता ये है कि पेट एसिड को प्रड्यूस करता है और जब खाना पेट तक पहुंचता है तो पेट इसे पचाने के लिए तेजी से काम करने लगता है और ज्यादा एसिड प्रड्यूस करता है। इससे इस दौरान पेट में सूजन की समस्या बनी रहती है। खराब हार्मोनल हेल्थ की वजह से भी पेट फूलने की समस्या हो जाती है। इसकी वजह से शरीर में अकारण ही सूजन रहती है।

# गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने बताया सुबह कॉफी पीना लिवर के लिए क्यों हो सकता है फायदेमंद?



दुनिया भर में बहुत से लोगों के लिए, दिन की शुरुआत तब तक नहीं होती जब तक वे एक कप कॉफी का सिप न पी लें। लेकिन क्या आप जानते हैं यह आदत आपकी लिवर के लिए फायदेमंद हो सकती है। 31 जुलाई को इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी ने दावा किया है कि सुबह की एक कप कॉफी आपकी लिवर को फायदा पहुंचा सकती है? चलिए जानते हैं कैसे?

लिवर की सेहत में मददगारः डॉ. सेठी के अनुसार, "कॉफी लिवर की सेहत के लिए सबसे अच्छे ड्रिंक्स में से एक है।" उन्होंने कहा, "स्टडीज से पता चलता है कि नियमित रूप से कॉफी पीने वालों में लिवर सिरोसिस का ख़तरा 44 प्रतिशत तक कम हो सकता है। लिवर सिरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें लिवर पर गंभीर निशान पड़ जाते हैं। यह अक्सर लंबे समय तक शराब पीने, क्रोनिक हेपेटाइटिस B या C, या फैटी लिवर की बीमारी के कारण होता है। इससे लिवर ठीक से काम नहीं कर पाता और इस नुकसान को पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता।

लिवर एंजाइम में सुधारः हर सुबह कॉफ़ी पीने से लिवर एंजाइम का लेवल भी बेहतर हो सकता है। डॉ. सेठी ने कहा, " लगातार कॉफ़ी पीने से ALT और AST लेवल कम होते देखे गए हैं - ये लिवर के काम करने के मुख्य संकेत हैं।

फैटी लिवर से बचावः हर सुबह कॉफ़ी पीने से फैटी लिवर की बीमारी से लड़ने में भी मदद मिलती है। डॉ. सेठी के शब्दों में, "NAFLD (नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज) अब लगभग हर तीन में से एक वयस्क को प्रभावित करता है, और कॉफ़ी उन कुछ ड्रिंक्स में से एक है जिसके पीछे मजबूत और लगातार क्लिनिकल सबूत मौजूद हैं।

डिकैफ़ कॉफ़ी से भी फ़ायदे मिलते हैं: आम धारणा के उलट, कॉफ़ी पीने का फ़ायदा सिर्फ़ उसमें मौजूद कैफ़ीन तक ही सीमित नहीं है। जैसा कि डॉ. सेठी ने बताया, रेगुलर और डिकैफ़, दोनों तरह की कॉफ़ी पीने से सेहत को फ़ायदे मिलते हैं। उन्होंने कहा, "ऐसा लगता है कि सुरक्षा देने वाला असर ज्यादातर पॉलीफ़ेनॉल्स से मिलता है, न कि सिर्फ़ कैफ़ीन से; स्टडीज में डिकैफ़ कॉफ़ी पीने वालों में भी लिवर एंजाइम में वैसा ही सुधार देखा गया है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि कॉफी को लिवर की सभी समस्याओं का इलाज नहीं माना जा सकता।

# प्रेगनेंसी डाइट में इन चीजों को शामिल करना न भूलें, बच्चा रहेगा हेल्दी और फिट



प्रेगनेंसी में डॉक्टर आपको घर का बना भोजन और हेल्दी डाइट लेने की सलाह देते हैं। गर्भावस्था के दौरान आपको अपनी सेहत के अलावा बच्चे के सही विकास को ध्यान में रखते हुए डाइट लेनी होती है। इसलिए जरूरी होता है कि आपके खाने में विटामिन, मिनरल्स और हेल्दी फैट शामिल हों। खाने में ऐसी चीजें शामिल करें जिससे पूरे 9 महीने बच्चे के सही विकास में मदद मिल सके।

आइये जानते हैं गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को डाइट में कौन सी चीजें जरूर शामिल करनी चाहिए?

डेयरी प्रोडक्ट- गर्भावस्था के दौरान आपको डाइट में डेयरी उत्पाद जरूर शामिल करने चाहिए। इससे शरीर को जरूरी विटामिन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व आसानी से मिल जाते हैं। ये पोषक तत्व गर्भावस्था के दौरान बच्चे के विकास में मदद करते हैं। आपको पनीर, दही, दूध, मक्खन और चीज शामिल करनी चाहिए।

हरी सब्जियां- प्रेगनेंसी के दौरान डाइट में हरी सब्जियों को जरूर शामिल करें। आप खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां और ब्रोकोली शामिल करें। हरे रंग की सब्जियों से शरीर को फोलेट, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन ए, बी 6, सी और के मिलता है। इससे हीमोग्लोबिन ठीक रहता है और हड्डियां स्वस्थ रहती हैं।

फलियां- खाने में फलियां जरूर शामिल करें। इससे शरीर को आयरन, प्रोटीन, फाइबर और कैल्शियम मिलता है। ये प्लांट बेस्ड फूड का सबसे अच्छा सोर्स हैं। फलियों के सेवन से शरीर को जरूरी पोषत तत्व आसानी से मिल जाते हैं।

ड्राई फ्रूट्स- गर्भवती महिलाओं को रोजाना मुट्ठी भर सूखे मेवा जरूर खाने चाहिए। आप बादाम, काजू, पिस्ता और अखरोट जैसे ड्राई फ्रूट्स जरूर खाएं। इससे शरीर में जिंक, पोटेशियम, कैल्शियम और फाइबर की कमी को पूरा किया जा सकता है। शरीर में ताकत आ जाती है।

जामुन और शकरकंद- गर्भावस्था के दौरान खाने में जामुन भी शामिल कर सकते हैं। जामुन में विटामिन सी और हेल्दी कार्बोहाइड्रेट होता है और कई दूसरे पोषक तत्व भी मिलते हैं। वहीं शकरकंद खाने से शरीर में बीटा कैरोटीन की कमी को दूर किया जा सकता है। ये शिशु के विकास में भी मदद करता है।

# लिवर फेल होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं, क्या ये जानलेवा साबित हो सकता है?

अनहेल्दी लाइफस्टाइल का सबसे ज्यादा असर सेहत पर पड़ रहा है। खाने-पीने में बरती गई लापरवाही लिवर की समस्याओं को बढ़ाने की बड़ी वजह बन रही है। इससे लिवर फेल होने का खतरा भी बढ़ रहा है। दरअसल लिवर फेल होने पर लिवर अपने काम जैसे खाना पचाने के लिए पित्त बनाना, खून से विषाक्त पदार्थों को निकालने का काम ठीक से नहीं कर पाता है। अचानक से लिवर फेल होने पर लिवर तेजी से अपने फंक्शन बंद कर देता है। वहीं क्रोनिक कंडीशन में लिवर अपना काम करना धीरे-धीरे कम करता है। क्रोनिक लिवर फेल की वजह लिवर से जुड़ी बीमारियों हो सकती हैं। वहीं तेजी से लिवर फेल होने के अपने अलग-अलग कारण हो सकते हैं। भले ही किसी की फैमिली हिस्ट्री रही हो या नहीं या फिर लिवर से जुड़ी कोई परेशानी भी न रही हो तो भी ऐसा कई कारणों से हो सकता है। अब जान लें कि लिवर फेल होने के क्या लक्षण हैं।

थकान और कमजोरी- लिवर फेल होने का एक लक्षण है दिनभर थकान और कमजोरी बने रहना। खून में ऑक्सीजन की कमी के कारण कमजोरी महसूस होने लगती है। पोषक तत्वों की कमी के कारण थकान बनी रहती है। ये थकान कभी हल्की या ज्यादा या फिर लगातार बनी रह सकती है।

पेट में सूजन और दर्द- लिवर सिरोसिस से पीड़ित लोगों में पेट में दर्द की समस्या आम बात है। लिवर में दर्द की वजह से पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में हल्का और चुभने वाला दर्द होता है।

जल्दी चोटिल होना और ज्यादा खून बहना, त्वचा पर खुजली- शरीर पर खुजली बढ़ना लिवर फेल होने का सामान्य लक्षण है।

# सेवई और खीर में इस्तेमाल होने वाली चिरौंजी के दाने हैं पेट के लिए बेहद लाभकारी

चिरौंजी का इस्तेमाल ज्यादातर खीर और सेवई में इस्तेमाल किया जाता है। इसके छोटे-छोटे बीज खाना में बेहद टेस्टी लगते हैं। इसके दानों में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। चिरौंजी का इस्तेमाल खांसी और स्किन से जुड़ी समस्याओं में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं चिरौंजी का इस्तेमाल पेट से जुड़ी गंभीर समस्याओं में जैसे- कब्ज, पेचिश, डायरिया और दस्त में फायदा पा सकते हैं। भारत में प्राचीन काल से ही इसका इस्तेमाल पारंपरिक चिकित्सा में किया जा रहा है। चलिए जानते हैं पेट की समस्याओं में चिरौंजी के इस्तेमाल के बारे में। कब्ज की समस्या में चिरौंजी औषधि के रूप में काम करती है। सूखी दाल की तरह दिखने वाला यह ड्राई फ्रूट कब्ज के लिए कारगर माना जाता है। इसका सेवन करने से पाचन तंत्र में मौजूद गन्दगी और विषाक्त पदार्थ भी दूर होते हैं। आंतों की अंदरूनी परत को साफ कर यह कब्ज की समस्या में राहत देता है। इसका नियमित सेवन कब्ज की समस्या को जड़ से खत्म कर सकता है। आप कब्ज की समस्या से बचने के लिए रोजाना रात को चिरौंजी का सेवन करें। पेचिश आपकी आंतों में एक संक्रमण है जो खूनी दस्त का कारण बनता है। यह बैक्टीरिया के कारण हो सकता है।

# दांतों की सड़न और कैविटी से से छुटकारा दिलाने में ये घरेलू नुस्खें हैं लाभकारी

कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थ, जिनमें शुगर और स्टार्च जैसे केक, कैंडी, दूध, ब्रेड, सोडा आदि शामिल होते हैं, को खाने के बाद जो लोग ब्रश नहीं करते हैं तो उनके दांतों में सड़न जैसी समस्या पैदा हो जाती है।

इस सड़न के कारण दांतों की समस्या पर भी काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दांतों में कीड़े लग जाने के बाद किसी भी समय आपको अधिक दर्द हो सकता है। इतना ही नहीं कई बार ठंडा-गर्म खाने में भी काफी समस्या होती है।

लौंगः लौंग एक ऐसी चीज है जो हर घर में आसानी से मिल जाएगी।लौंग को एंटीसेप्टिक, एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर माना जाता है। दांतों में दर्द हो या सड़न की समस्या, दोनों ही मामले में लौंग का उपयोग फायदेमंद माना जाता है। लौंग के तेल को दांतों पर लगाने से इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

नीमः पुराने समय में दांतों को साफ करने के लिए नीम के दातुन का प्रयोग किया जाता था।आपको बता दें कि नीम में एंटीबैक्टीरियल गुणों के साथ फाइबर भी मौजूद होता है जो दांतों पर प्लाक जमने से रोकता है।

नमक पानीः दांतों की सड़न को दूर करने के लिए नमक और पानी का कुल्ला करना चाहिए।

आयुर्वेद विशेषज्ञों की मानें तो सड़न को दूर करने के लिए नमक पानी का कुल्ला काफी मददगार माना जाता है। रात में सोने से पहले नमक पानी का कुल्ला करने से दांतों की सड़क को कम किया जा सकता है।

# उबले हुए आलू में होती है इतनी कैलोरी, इन दो लोगों को जरूर खाना चाहिए

आलू स्टार्च और फाइबर से भरपूर एक ऐसा फूड है जिसका सेवन शरीर में तुरंत एनर्जी देने का काम करता है। पर आपक जानकर हैरानी हो सकती है कि आलू में विटामिन सी, पोटेशियम और विटामिन बी6 भी होता है जो कि शरीर के अलग-अलग प्रकार से काम करता और सेहत से जुड़ी कई कमियों से बचाव में मदद करता है। पर आज हम बात उबले हुए आलू की करेंगे जिसे खाना सेहत के लिए कई प्रकार से काम करता है। ये न सिर्फ इंस्टेंट एनर्जी देता है बल्कि, कुछ लोगों के लिए इसे खाना बेहद फायदेमंद है। तो, आइए जानते हैं आलू को उबालकर खाने के फायदे। उबले आलू फाइबर का एक अच्छा स्रोत है, जो आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराने में मदद कर सकता है। दरअसल, इसकी बड़ी वजह है इसमें पाए जाने वाली कैलोरी। दरअसल, 2/3 कप (100 ग्राम) उबले आलू में 87 कैलोरी होती है। पर कुछ स्थितियों में इसे बेहद फायदेमंद माना जाता है। क्यों और कैसे, जानते हैं इस बारे में विस्तार से। उबले हुए आलू में फिनोलिक एसिड और जिंक जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कि मुंह के छालों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसकी वजह मुंह में होने वाले छालों में कमी आती है और ये छालों को ठंडा करने में मदद करता है।

# यूरिक एसिड से हैं परेशान तो रात के खाने में शामिल करें ये चीजें



बढ़ा हुआ यूरिक एसिड हमारे शरीर पर बुरा प्रभाव डालता है। बढ़े यूरिक एसिड में होने वाली बीमारियों में गठिया, शुगर, हार्ट और किडनी से जुड़ी समस्याएं आम हैं। अगर हमें वक्त से पहले यूरिक एसिड की बढ़ने की स्थिति का पता नहीं चलता है तो इससे जुड़ी कई समस्याएं होने लगती हैं। बढ़े हुए यूरिक एसिड से होने वाली परेशानी आगे चलकर बड़े रोग का कारण बन जाती हैं। इसके लिए हमें अपने लाइफस्टाइल और खान पान पर विशेष ध्यान देना होगा। यूरिक एसिड हमारे ब्लड में मौजूद एक रसायन से होता है जिसे प्यूरीन कहा जाता है। यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से गठिया जैसी दिक्कत आती है। इस परिस्थिति में लोग पैरों में सूजन की शिकायत करते हैं। दरअसल, शरीर के जोड़ों में जब काफी मात्रा में यूरेट क्रिस्टल इकठ्ठा हो जाता है तो ये दर्द की वजह बनता है। वहीं, यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से गुर्दे की पथरी भी हो सकती है और यह नेफ्रोपैथी या गुर्दे की खराबी का संकेत भी हो सकता है। रात में खाने के बाद आराम किया जाता है। जिससे मेटाबोलिक एक्टिविटी बढ़ जाती है। इसलिए उन चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जो प्यूरीन की मात्रा हमारे शरीर में बढ़ाए। दूध और अंडे में प्यूरीन की मात्रा कम होती है इसलिए उनकी डाइट में शामिल किया जा सकता है। साथ ही आप विटामिन-सी से भरपूर चीजों का सेवन भी कर सकते हैं।

# लिवर, किडनी और फेफड़ों की 50 प्रतिशत बीमारियों का कारण हैं आपकी ये 2 आदत

खराब लाइफस्टाइल और डाइट आजकल बड़ी बीमारियों की वजह बन रही है। पिछले कुछ सालों में किडनी, लिवर और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो करीब करीब हर उम्र के लोगों में इससे जुड़े हुए विकार बढ़ रहे हैं। शरीर के इन प्रमुख अंगों में बीमारियों का बढ़ना आपकी जान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए अपनी लाइफस्टाइल को सबसे पहले ठीक करना जरूरी है। किडनी, लिवर और लंग्स से जुड़ी समस्याएं बढ़ने का कारण आपकी कुछ खराब आदतें भी हैं। आइए, जानते हैं कौन सी ऐसी आदतें हैं जो लिवर, किडनी और फेफड़ों को बीमार बना रही हैं। शारदा हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ भुमेश त्यागी के मुताबिक लिवर, किडनी और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों की वजह से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। इन अंगों को आपकी 2 आदतें सबसे ज्यादा खराब कर रही हैं। ज्यादातर होने वाली मौत या बीमारियों का 50 प्रतिशत कारण आपकी शराब और धूम्रपान करने की आदत हैं। ये दोनों आदतें शरीर में कई तरह की क्रोनिक बीमारियों का कारण बन सकती हैं।

धूम्रपान इन अंगों पर करता है अटैक- स्मोकिंग करना सेहत के लिए हानिकारक है। धूम्रपान करने से सबसे ज्यादा लंग्स और किडनी को नुकसान पहुंचता है। स्मोकिंग से निकलने वाला धुंआ फेफड़ों की मांसपेशियों को डैमेज करता है। धूम्रपान करने वाले लोगों में कैंसर होने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। स्मोकिंग करना किडनी को भी नुकसान पहुंचाता है। इससे किडनी में खून ठीक से नहीं पहुंच पाता है और किडनी से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

शराब से इन अंगों पर होता है बुरा असर- जिस तरह से स्मोकिंग सेहत के लिए नुकसानदायक है ठीक उसी तरह शराब भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानी जाती है। ज्यादा मात्रा में शराब पीने से लिवर संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। इससे लिवर में इंफ्लामेशन और हेपटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। गंभीर स्थिति में लिवर कैंसर का खतरा भी पैदा हो सकता है। ज्यादा मात्रा में अल्कोहल का सेवन करने से लिवर फेलियर भी हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार केवल धूम्रपान और शराब ही नहीं, बल्कि अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड, शारीरिक निष्क्रियता, मोटापा, पर्याप्त पानी न पीना और बिना चिकित्सकीय सलाह के दर्दनिवारक दवाओं का लंबे समय तक सेवन भी लिवर, किडनी और फेफड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। समय के साथ ये आदतें गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। डॉ. भुमेश त्यागी का कहना है कि इन महत्वपूर्ण अंगों को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है।



# कर्नाटक में सिपाही भर्ती परीक्षा में OMR शीट के सीरियल नंबर पर गलतफहमी को लेकर हंगामा



विजयपुरा। कर्नाटक में विजयपुरा जिले के टिकोटा स्थित शारदाम्बा पीयू कॉलेज में आज (रविवार को) हुई पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान OMR शीट के सीरियल नंबर को लेकर गलतफहमी के चलते अभ्यर्थियों के एक ग्रुप ने अचानक परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामे के बावजूद, अधिकांश अभ्यर्थियों ने अंदर अपनी परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की, जबकि जिला प्रशासन ने परीक्षा की SOP को सख्ती से लागू रखा। विजयपुरा के उपायुक्त (डीसी) डॉ. आनंद के. के अनुसार, यह घटना प्रश्न पत्र निर्धारित समय सुबह 9:30 बजे आने के तुरंत बाद हुई। मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार, छात्र गवाहों की मौजूदगी में सामग्री वितरित किए जाने के बाद, अभ्यर्थियों के एक समूह ने हंगामा खड़ा कर दिया और दावा किया कि उनके प्रश्न पत्रों पर दिए गए सीरियल नंबर उनकी OMR शीट से मेल नहीं खा रहे थे। डॉ. आनंद ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया, "यह कहते हुए कि नंबर मेल नहीं खा रहे हैं, उनमें से कुछ अभ्यर्थियों ने कहा कि वे परीक्षा नहीं देंगे, फिर उन्होंने अपने प्रश्न पत्र लिए और बाहर आ गए।" हालांकि, केंद्र पर्यवेक्षकों ने तुरंत स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने समझाया कि कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण (KEA) के दिशानिर्देशों के तहत, OMR शीट और प्रश्न पत्र पर नंबरों का एक समान होना जरूरी नहीं है। इसके बजाय, प्रश्न पत्रों पर विशिष्ट वर्जन कोड (जैसे A1, A2, B1 आदि) होते हैं, जिन्हें अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र के पंजीकरण नंबर के साथ अपनी OMR शीट में भरना होता है। जबकि इस स्पष्टीकरण से जिले के अन्य परीक्षा केंद्रों पर इसी तरह के संदेह सफलतापूर्वक दूर हो गए। हालांकि, शारदाम्बा पीयू कॉलेज में विरोध कर रहे समूह ने स्पष्टीकरण को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने अन्य अभ्यर्थियों को भी साथ लिया और प्रश्न पत्र लेकर कैंपस से बाहर चले गए। हालात इसके तुरंत बाद तब और बिगड़ गए जब अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र में वापस घुसने की कोशिश की, गेट पर धक्का-मुक्की की और हंगामा किया।

इससे अंदर परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को परेशानी हुई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप किया और भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बहाल करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग किया। डॉ. आनंद ने अभ्यर्थियों को दोबारा प्रवेश न देने के फैसले का दृढ़ता से बचाव करते हुए KEA के सख्त नियमों का हवाला दिया। डीसी ने स्पष्ट किया, "एक बार जब वे प्रश्न पत्र लेकर परीक्षा हॉल से बाहर चले जाते हैं, तो उन्हें दोबारा अंदर आने देना परीक्षा के प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। ऐसा कोई प्रावधान नहीं है; यह पूरी तरह से SOP का उल्लंघन है।" फिर, यह सुनिश्चित करने के लिए कि बाकी अभ्यर्थियों को इस व्यवधान के कारण नुकसान न हो, अधिकारियों ने हंगामे से हुई 5 से 10 मिनट की देरी की भरपाई के लिए अतिरिक्त समय दिया। अंदर रुके अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्वक अपनी परीक्षा पूरी की और अपनी OMR शीट जमा कीं। जिला प्रशासन फिलहाल इस घटना के संबंध में एक विस्तृत, समय-बद्ध रिपोर्ट तैयार कर रहा है जिसे KEA को सौंपा जाएगा।

## गांव पहुंचते ही सोनम वांगचुक ने लोगों को दी नसीहत

दिल्ली के जंतर मंतर पर छात्रों के समर्थन में उतरे सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक अब लेह लद्दाख के अपने गांव पहुंच गए हैं। रास्ते में सोनम वांगचुक ने वंदे भारत एक्सप्रेस की सवारी की और उसकी तारीफ कर दी। अपने गांव पहुंचकर उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी किया। इस दौरान उन्होंने उन लोगों को नसीहत दी जो उनके वंदे भारत एक्सप्रेस की तारीफ को राजनीति से जोड़कर देख रहे थे।

सोनम वांगचुक ने वीडियो में केंद्र सरकार से अनशन खत्म कराते समय किए गए लिखित वादे पूरे करने की मांग दोहराई और कहा, प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। सोनम वांगचुक ने अपने वीडियो संदेश में नीट पेपरलीक की वजह से आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग दोहराई और साथ भारतीय रेल की तारीफ करने पर आलोचना करने वाले लोगों को नसीहत भी दी। वांगचुक ने कहा कि जब वे कश्मीर से लौट रहे थे तो उन्होंने भारतीय रेल की तारीफ की थी, क्योंकि रेलवे ने कश्मीर तक लाइन पहुंचाकर बड़ा काम किया है। चेनाब ब्रिज इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना है।

## ओडिशा में बाढ़ का खतरा, हीराकुंड से छोड़ा गया पानी कटक पहुंचा; 10 जिले हाई अलर्ट पर



भुवनेश्वर। ओडिशा में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। हीराकुड बांध से छोड़ा गया अतिरिक्त पानी रविवार को कटक के पास मुंडाली पहुंच गया, जिससे महानदी का जलस्तर बढ़ गया है। हलात को देखते हुए तटीय क्षेत्र के 10 जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हालांकि नदी से सटे निचले क्षेत्रों में फिलहाल बाढ़ का कोई बड़ा संकट नहीं है। मुंडाली में जलस्तर बढ़कर रविवार सुबह नौ बजे 5.73 लाख क्यूसेक तक पहुंच गया, जो शनिवार को 4.74 लाख क्यूसेक था। जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता (इंजीनियर-इन-चीफ) दिलीप कुमार राउत ने कहा, "कटक के पास मुंडाली में जलस्तर बढ़ा जरूर है, लेकिन महानदी में उफान का सबसे खतरनाक समय बीत चुका है। मुंडाली में अधिकतम जलस्तर करीब सात लाख क्यूसेक तक जा सकता है। इससे पहले बृहस्पतिवार रात को मुंडाली से सबसे अधिक 8.88 लाख क्यूसेक पानी बह चुका है।" इंजीनियर-इन-चीफ राउत ने बताया कि महानदी में उफान का सबसे खतरनाक दौर गुजर चुका है। अगर इस इलाके में दोबारा भारी बारिश नहीं होती है तो अतिरिक्त पानी बिना बड़े नुकसान के निकल सकता है। हीराकुड बांध के 22 गेट खोलकर पानी छोड़े जाने के बाद, राज्य सरकार ने महानदी घाटी क्षेत्र के 10 जिलों को हाई अलर्ट पर रखा है।

# 'विकसित भारत के लिए युवाओं का नशा मुक्त होना जरूरी', पीएम मोदी का Gen-Z के साथ सीधा संवाद



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान की शुरुआत की। देशभर में आयोजित इस कार्यक्रम में 28 हजार से ज्यादा स्थानों से एक करोड़ से अधिक युवा जुड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले देशभर के युवाओं ने एक साथ नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि हम एक महान संकल्प के लिए एकजुट हुए हैं। सभी संत, सभी राज्यपाल, सभी मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधि, 28 हजार स्थानों से जुड़े 1 करोड़ से ज्यादा युवा साथी, इस शुभ संकल्प के लिए अभिनंदन।

पीएम मोदी ने कहा कि जिस अभियान के हम साक्षी बन रहे हैं वह व्यक्ति, परिवार, समाज और सबसे बड़ी बात है कि यह अभियान राष्ट्र के लिए है। विकसित भारत संकल्प के लिए नशा मुक्त युवा होना जरूरी है। यह नाम ही संकल्प को स्पष्ट करता है।

देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है तो देश का युवा तन से स्वस्थ हो, मन से स्वस्थ हो, आत्मविश्वास से भरपूर हो और ड्रग्स जैसी घातक आदत से दूर रहे, यही इस अभियान का उद्देश्य है, इसलिए हम सबको यह संकल्प लेना है कि युवा नशे के खतरे को समझे और उससे दूर रहे। हमें हर एक युवा को नशे के चंगुल में फंसने से बचाना है।

## भोपाल में रिहायशी इलाकों की दुकानों पर लगे ताले, नाराज व्यापारियों ने दी आत्महत्या की चेतावनी




भोपाल। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मध्य प्रदेश के भोपाल के रिहायशी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने वाले दुकान और प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम नए भोपाल के पॉश इलाके E4 में रिहायशी इलाके में बनी व्यावसायिक दुकानों को बंद करवा रहा है। E1 से E7 तक और रोहित नगर समेत तमाम इलाकों के व्यापारियों ने इसे लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि अगर सरकार ने साथ नहीं दिया तो आत्महत्या कर लेंगे। नगर निगम सिटी प्लानर ने इंडिया टीवी को बताया सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार कार्रवाई हो रही है। रहवासी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं है। नगर निगम ने दुकानों को बंद कर पंचनामा चस्पा कर दिया है। दुकानों पर लिखा है कि यहां व्यावसायिक गतिविधियां बदं है। सुप्रीम कोर्ट को 4 अगस्त को एक्शन टेकना रिपोर्ट देना है। तमाम व्यापारियों का कहना है कि सरकार की गलती है। सरकार मास्टर प्लान लेकर नहीं आई। वर्ष 2005 के बाद से 2026 तक पिछले 21 सालों से नया मास्टर प्लान लेकर नहीं आए। एक व्यापारी ने कहा, "मैंने मेन रोड पर प्लॉट कमर्शियल समझ कर लिया था।" व्यापारियों ने कहा कि सरकार को गुजरात का मॉडल बनाना चाहिए, जहां कुछ शुल्क लेकर रिहायशी इलाकों की संपत्तियों को व्यावसायिक उपयोग के लिए नियमित कर दिया जाता है। व्यापारियों का कहना है कि ऐसे हालात सिर्फ भोपाल में हैं, बाकी अन्य प्रदेशों और राज्यों में नहीं, क्योंकि वहां मास्टर प्लान लागू है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा नया भोपाल बंद है। 90 पर्सेंट दुकान बंद हो जाएगी। सरकार दूध-दवाई कहां से व्यवस्था करेगी। लोन चुका नहीं पा रहे हैं, रिकवरी वाले घर के आगे खड़े हैं, हम आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने हमसे व्यावसायिक शुल्क लिया है। दुकान के लाइसेंस की फीस 12,000 रुपये सालाना ली जाती है और हम बिजली भी कमर्शियल रेट पर लेते हैं। रहवासियों का कहना है कि ये अवैध दुकानें तुरंत बंद होनी चाहिए।

# डिक्की में 50 हजार रख झालमुड़ी खाने चला गया शख्स, इतने में चोरों ने साफ कर दिया हाथ; CCTV में कैद हुई वारदात

**बलांगीर से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां डिक्की में पैसे रखकर जितनी देर के लिए शख्स झालमुड़ी खाने गया**



बलांगीर। ओडिशा के बलांगीर जिले के कांटाबांजी शहर में बाइक की डिक्की से 50 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बैंक से पैसे निकालने के बाद पीड़ित कुछ देर के लिए झालमुड़ी खाने रुके थे। इसी दौरान, बदमाश लुटेरों ने बाइक की डिक्की का लॉक तोड़कर पैसे निकाले और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जानकारी के मुताबिक, तुरेकेला ब्लॉक के कुईबाहल गांव के त्रिवेणी स्वयं सहायता समूह के सदस्य अपने समूह के पैसे निकालने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कांटाबांजी शाखा पहुंचे थे। वहां से उन्होंने अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाले और रकम को बाइक की डिक्की में रख दिया। इसके बाद वे कांटाबांजी शहर के दो नंबर रोड पर झालमुड़ी खाने के लिए रुक गए। इसी दौरान, दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाश वहां पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने मास्टर चाबी की मदद से बाइक की डिक्की खोली, उसमें रखे 50 हजार रुपये निकाले और तुरंत वहां से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाश बैंक से ही पीड़ित का पीछा कर रहे थे। चोरी की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। प्राथमिक जांच के अनुसार, पुलिस को शक है कि चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गंजाम जिले के हो सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक पुलिस की ओर से जांच जारी है। घटना की शिकायत मिलने के बाद कांटाबांजी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है। इससे पहले ओडिशा के बालेश्वर में थार से आए चोरों ने गाड़ी में ATM बांधा और उखाड़कर घसीटते उसे ले गए। इसका CCTV फुटेज भी सामने आया था। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गई राशि बरामद करने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही संदिग्ध वाहनों और आरोपियों की गतिविधियों का भी विश्लेषण किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि आरोपियों ने पहले से ही बैंक परिसर में पीड़ितों पर नजर रखी हुई थी और रकम निकालने के बाद उनका पीछा करते हुए वारदात को अंजाम दिया। इसी एंगल से पुलिस बैंक और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है, ताकि आरोपियों की पहचान जल्द की जा सके। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बैंक से बड़ी रकम निकालने के बाद उसे वाहन की डिक्की में छोड़कर कहीं न रुकें और नकदी ले जाते समय विशेष सतर्कता बरतें।

## दिल्ली में वीजा नियमों का उल्लंघन करने पर 6 बांग्लादेशी अरेस्ट, डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने वीजा नियमों का उल्लंघन करने वाले 6 बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सभी विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (FRRO) के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद उन्हें सेवा धाम डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है। अधिकारियों ने इनके निर्वासन (Deportation) की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मध्य दिल्ली में होटलों और गेस्ट हाउसों में विदेशी नागरिकों के सत्यापन के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इसी दौरान नबी करीम स्थित होटल सार्थक प्लेस में ठहरे 6 बांग्लादेशी नागरिकों की जांच की गई। जांच के दौरान उनके पासपोर्ट, वीजा और इमिग्रेशन रिकॉर्ड का सत्यापन किया गया। जांच में सामने आया कि सभी के पास डबल एंट्री वीजा था, लेकिन उन्होंने प्रत्येक यात्रा के लिए निर्धारित 15 दिनों की अधिकतम अवधि से अधिक समय तक भारत में रहकर वीजा की शर्तों का उल्लंघन किया।

वीजा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने के बाद सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (FRRO) के समक्ष पेश किया गया। एफआरआरओ ने मामले का संज्ञान लेते हुए सभी के खिलाफ रिस्ट्रिक्शन ऑर्डर जारी किया और उन्हें सेवा धाम डिटेंशन सेंटर भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस की टीम अभी और ऐसे लोगों की जांच पड़ताल कर रही है। कहीं दिल्ली में और ऐसे बांग्लादेशी तो नहीं छिपे हैं, जिनका वीजा खत्म हो गया हो। अधिकारियों ने बताया कि सभी बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अब डिपोर्टेशन (निर्वासन) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें उनके देश वापस भेजा जाएगा। प्रारंभिक जांच में अब तक गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति का कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। हालांकि, पुलिस और संबंधित एजेंसियां मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं और यह भी पता लगाया जा रहा है कि भारत में उनके ठहरने का उद्देश्य क्या था तथा कहीं किसी अन्य नियम का उल्लंघन तो नहीं किया गया। दिल्ली पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में विदेशी नागरिकों के सत्यापन का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मूसलाधार बारिश से पानी में डूबी पुलिया, 6 गांवों से संपर्क टूटा, गर्भवती महिला को बैलगाड़ी में अस्पताल ले गए परिजन



गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सिरोंचा तहसील के ग्राम पंचायत गुमालकोंडा अंतर्गत आने वाले गुमालकोंडा, मुक्तापुर, सोमनूर, मुकीडिगुत्ता, जुना सोमनूर और नया सोमनूर गांव मूसलाधार बारिश के चलते पूरी तरह संपर्क से कट गए हैं। मुत्तापुर स्थित पुलिया पर नदी का पानी आ जाने से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान एंबुलेंस तक नहीं पहुंच सकी। पुलिया पानी में डूब जाने के कारण ग्रामीणों ने जोखिम उठाते हुए महिला को बैलगाड़ी की मदद से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में पुलिया डूबने के बाद मरीजों को उपचार के लिए सिरोंचा उपजिला अस्पताल तक पहुंचाना बेहद मुश्किल हो जाता है। किसी भी समय गंभीर स्वास्थ्य आपात स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों की जान पर बन सकती है। बारिश और पुलिया के डूबने से सरकारी कामकाज, विद्यार्थियों की पढ़ाई, स्कूल आने-जाने, आवश्यक सेवाओं, बाजार और ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर भी व्यापक असर पड़ा है। ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मुक्तापुर में ऊंचे पुल का निर्माण करने तथा सभी मौसम में आवागमन सुचारु रखने वाली सड़क व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो तीव्र जनआंदोलन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415